दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



कुणाल ने सिर्फ 20 मिनट में ......

सुरीली आवाज का जादू ......

वर्ष : 12 | अंक : 111 | लखनऊ, 14 अप्रैल, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# मिल-बैठकर निपटायें पारिवारिक समस्याएं : सीएम

## मुख्यमंत्री ने शिकायत लेकर पहुंचे लोगों को समझाया

- मुख्यमंत्री ने कहा पारिवारिक झगड़ों में पुलिस–प्रशासन की सहायता लेना अंतिम विकल्प ही होना चाहिए

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख /लखनऊ,**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदैव कहते हैं कि 25 करोड़ प्रदेशवासी ही मेरा परिवार है। सोमवार को उन्होंने परिवार के मुखिया के रूप में इसे चरितार्थ भी किया। जनता दर्शन में आए प्रत्येक नागरिक से उन्होंने स्वयं मुलाकात की। सभी की शिकायतें सुनीं और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देश भी दिए। इस दौरान कई शिकायतें पारिवारिक विवाद से जुड़ी आईं, जिस पर मुख्यमंत्री ने सभी को समझाया और कहा कि परिवार सबसे बड़ी पूंजी होती है। समझदारी से पारिवारिक मामले मिल-बैठकर सुलझाएं। विश्वास करिए, बिखरने के बजाय परिवार एकजुट हो जाएगा और वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी भी एक रहेगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पारिवारिक विवादों से जुड़ी सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। फिर शिकायत लेकर आए लोगों ने कहा कि पारिवारिक झगड़ों में पुलिस-प्रशासन की सहायता लेना अंतिम विकल्प ही होना चाहिए। हमारे समाज में परिवार से बड़ी कोई पूंजी नहीं होती। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत भी है।

श्रेयस्कर यही है कि घर के मामले घर में ही सुलझ जाएं। गलती परिवार के किसी भी सदस्य से हो सकती है, लेकिन थोड़ा समझदारी से काम लेंगे तो परिवार बिखरने से बच जाएगा। परिवार में थोड़ा झुकने से सम्मान कम नहीं होता। परिवार रूपी पूंजी को हर हाल में संभाल कर रखें। कोई भी दिक्कत है तो परिवार के बड़ों के साथ मिल-बैठकर हल करें। यदि किन्हीं कारणों से विवाद हल नहीं होता तो अंतिम विकल्प के रूप में शासन, प्रशासन या पुलिस की सहायता लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता व संवेदनशीलता के साथ कराया जाए। इसमें शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य है। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले और कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## समाधान होने तक बंद नहीं होगी शिकायत: डॉ. आशीष गोयल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। वहीं उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) हेल्पलाइन 1912 ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 98.88 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया है। इसके साथ ही यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिया है।

पर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल समीक्षा बैठक में इस बात पर जोर दिया कि 1912 की निरंतर समीक्षा हर अधिकारी अपने स्तर पर सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की जो भी शिकायतें आ रहीं हैं, उनको समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए। साथ ही कॉल को तब तक समाप्त न माना जाए जब तक उपभोक्ता संतुष्ट न हो जाए।

## लखनऊ से बलरामपुर बस का किराया हुआ महंगा

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** लखनऊ के बस अडडों से बलरामपुर जाने वाली रोडवेज बसों का रास्ता बुधवार की रात 12 बजे से बदल जाएगा। इस वजह से लखनऊ से बलरामपुर के बीच दूरी बढ़ने से बस का सफर 16 अप्रैल से महंगा हो जाएगा। इस दौरान रोडवेज बसें लखनऊ से अयोध्या-गोंडा होकर बलरामपुर जाएंगी। इससे करीब 130 किलोमीटर की दूरी बढ़ने से 153 रुपये प्रति यात्री किराया ज्यादा देना होगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि लखनऊ से अयोध्या होकर बलरामपुर की दूरी बढ़ने से किराया बढ़ा है। जबकि लखनऊ से बहराइच होकर बलरामपुर के बीच बस के किराये में कोई बदलाव नहीं हैं। दरअसल, बलरामपुर में संजय सेतु पुल की मरम्मत के चलते दो माह तक रास्ता बदला रहेगा। इस दौरान निजी वाहन पीपे वाले पुल से गुजर सकेंगे। जबकि बड़े और भारी वाहन बदले हुए रास्ते से आवागमन करेंगे। इससे लखनऊ से बलरामपुर की दूरी बढ़ने, ज्यादा समय लगने और किराया बढ़ने का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ेगा। निजी वाहन पीपा वाले पुल से आ-जा सकेंगेसंजय सेतु दो माह तक बंद होने के दौरान पीपा पुल को वैकल्पिक मार्ग के रूप में तैयार किया गया है। इसी रास्ते हल्के और निजी वाहन आवागमन कर सकेंगे।

लखनऊ से बाराबंकी-अयोध्या-गोंडा के बीच की दूरी 222 किमी. और किराया 309 रुपये देना होगा। एडीसीपी ट्रैफिक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि बलरामपुर में वाहनों के डायवर्जन प्लान बाराबंकी और अयोध्या से तैयार किया हैं। आगे जैसा निर्देश मिलेगा वैसे ही लखनऊ से बलरामपुर के बीच डायवर्जन प्लान बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### गिर में शेर का किया गया सफल रेस्क्यू



**गिर।** गुजरात के गिर क्षेत्र नवाबंदर में एक शेर कुएं में गिरा, जिसे वन विभाग की टीम ने रस्सी और पिंजरे के सहारे घंटों की मशक्कत के बाद सफलतापूर्वक बचाया। करीब एक घंटे तक यह ऑपरेशन चला। ऐसे जानवरों को अक्सर चिकित्सा जांच के लिए जसाधर एनिमल केयर सेंटर ले जाया जाता है।

### कर्नाटक में रस्साकशी पद की चाह गलत नहीं



**बेगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के अंदर इन दिनों कैबिनेट फेरबदल को लेकर हलचल तेज हो गई है। गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि विधायकों का मंत्री बनने की इच्छा रखना बिल्कुल गलत नहीं है। कई विधायक 2-3 बार चुनाव जीत चुके हैं। उनके पास अनुभव भी है।

### खेड़ा केस में सुप्रीम कोर्ट पहुंची असम पुलिस



**नई दिल्ली।** असम पुलिस ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई अग्रिम जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। यह जमानत तेलंगाना हाई कोर्ट ने उस मामले में दी थी, जो असम में दर्ज है। तेलंगाना हाईकोर्ट ने खेड़ा को एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया था।

### लालू पर एफआईआर रद्द नहीं, पेशी से मिली छूट



**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में आरजेडी के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। सर्वोच्च न्यायालय नेरोक लगाने की उनकी मांग को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने लालूको निचली अदालत की कार्यवाही में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी है।

## नए मुख्यमंत्री की शपथ की राजभवन में तैयारियां शुरू

# कल होगा बिहार में नई सरकार का गठन पर्यवेक्षक शिवराज करेंगे नेता का ऐलान

### सोमवार को सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम सम्राट में हुई हाईलेवल बैठक

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

बुधवार को बिहार में नए मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। पार्टी दफ्तर से लेकर राजभवन तक इसकी तैयारी चल रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की नीतीश के आवास पर हाईलेवल मीटिंग चली। इसमें जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, ललन सिंह, बिजेंद्र यादव, विजय चौधरी, श्रवण कुमार, जमा खान मौजूद थे। इसमें 14 अप्रैल को होने वाली एनडीए की विधायक दल की बैठक और जदयू कोटे से बनने वाले मंत्री और निशांत कुमार को लेकर बातचीत हुई। बैठक खत्म होने के बाद बाहर निकले मंत्री जमा खान ने साफ कहा कि 15 अप्रैल को ही नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। इसकी तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश के आवास से निकलने के बाद बाद ललन सिंह और संजय झा ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पर जाकर बैठक की। यहां पर नेताओं के बीच नए मंत्रिमंडल पर बाचतीत की।

प्रधानमंत्री भी समारोह में होंगे शामिल



गुफ्तगू करते उप मुख्यमंत्री सम्राट और सिन्हा

**आज नीतीश की आखिरी बैठक**

सचिवालय की ओर से मंत्रिपरिषद की बैठक की तारीख और भी जारी कर दी गई है। 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री नीतीश की अध्यक्षता में मंत्रि परिषद की बैठक होगी।

### भाजपा की बैठक के बाद एनडीए के विधायक दल की मीटिंग

जेडीयू के वरिष्ठ नेता संजय झा और विजय चौधरी की ओर से पिछले 24 घंटे में जो बयान जारी किया गया है, उससे साफ लग रहा है कि मुख्यमंत्री के नाम पर जदयू कोई खास लेना देना नहीं है। जदयू का स्पष्ट कहना है कि मुख्यमंत्री भाजपा को ही तय करनी है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने साफ कहा कि 14 अप्रैल को पहले भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। इसके बाद सरकार के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### राजभवन की सुरक्षा कड़ी की गई

पटना जिला प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट, अणे मार्ग, राजभवन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पटना में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम को लोकभवन बुलाया गया था। उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात की। डीएम को कई दिशा निर्देश दिए गए हैं।केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी भी पटना आ सकते हैं। पीएम मंगलवार शाम को पटना आएंगे। वे लोक भवन में रुकेंगे। नई सरकार के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे।

आज होंगी अहम बैठकें

### 2 बजे जेडीयू की तो 3 बजे भाजपा विधायक दल की होगी बैठक

बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री को चुनने का रोडमैप फाइनल हो गया है। एनडीए विधायक दल का नया नेता सीएम बनेगा और अपने नाम पर गठबंधन से मुहर लगने के बाद राज्यपाल के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगा या करेगी। जेडीयू के अध्यक्ष और मौजूदा सीएम नीतीश कुमार दोपहर 2 बजे सीएम आवास पर जेडीयू विधायक दल की बैठक करेंगे। इस बैठक में नीतीश की जगह पर पार्टी किसी नए नेता को चुनेगी।

### शिवराज की देखरेख में होगी नाम की घोषणा



भाजपा के पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता के नाम का ऐलान करेंगे। शाम 4 बजे बिहार विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में एनडीए विधायक दल की मीटिंग होगी। इस बैठक में एनडीए के विधायक नीतीश की जगह लेने वाले नए नेता यानी नए मुख्यमंत्री को चुनेंगे।

### बुधवार को होगा शपथ ग्रहण: जमा खान



नीतीश के करीबी मंत्री जमा खान ने पटना में कहा कि लगभग सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हमारे नेता का जो निर्णय होगा बिहार के अंदर वही होगा। मंगलवारको कैबिनेट की बैठक है। साथ ही बुधवार को उम्मीद है कि शपथ ग्रहण होगा।

## सुप्रीम कोर्ट फर्जी मतदान पर सख्त

# बायोमीट्रिक सिस्टम से मतदान पर केंद्र-ईसी से मांगा जवाब



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतदान से पहले मतदाताओं की बायोमेट्रिक और फेस रिकग्निशन पहचान लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। यह याचिका भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। सीजेआसईू र्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले पर चुनाव आयोग और केंद्र से जवाब मांगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए नियमों में बदलाव की जरूरत होगी और इससे सरकारी खजाने पर बड़ा वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है। उपाध्याय ने कहा कि इस व्यवस्था को लागू करने के लिए राज्यों का सहयोग भी जरूरी होगा।

### चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता और निष्पक्षता प्रभावित हो रही

याचिका में कहा गया है कि रिश्वत, अनुचित प्रभाव, फर्जी पहचान, डुप्लीकेट वोटिंग और घोस्ट वोटिंग जैसी समस्याएं अब भी चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता और निष्पक्षता को प्रभावित कर रही हैं, जिससे नागरिकों को व्यापक नुकसान होता है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में केंद्र, चुनाव आयोग और संबंधित राज्यों के जवाब मिलने के बाद आगे की सुनवाई करेगा।

### पीठ ने बजट और सहयोग पर ईसी का पक्ष मांगा

पीठ ने कहा कि पहले चुनाव आयोग इस पर अपना रुख स्पष्ट करे। अगर राज्य सहयोग नहीं करते या वित्त मंत्रालय बजट मंजूर नहीं करता, तब अदालत का रुख किया जा सकता है। बाद में अदालत इस मामले की सुनवाई के लिए तैयार हो गई। आगामी चुनावों में इस व्यवस्था को लागू नहीं किया जा सकता, लेकिन भविष्य के चुनावों के लिए विचार किया जा सकता है।

### 'सूची के बाहर' नहीं कर पाएंगे मतदान

कोर्ट ने कहा कि बंगाल में चुनावों के नतीजों पर तब तक कोई दखल नहीं होगी, जब तक की हार-जीत का अंतर एसआईआर के दौरान बाहर किए गए लोगों की संख्या से कम न हो। मतदाता दो संस्थाओं के बीच पिस रहे हैं। कोर्ट ने सोमवार को साफ-साफ कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के खिलाफ अपील लंबित है, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## केजरीवाल ने जज को ही सुना डाला

# जज को लेकर मेरे मन में कई आशंकाएं हैं, खुद दलीलें दी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

दिल्ली हाई कोर्ट में सोमवार को एक बार फिर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल एक तेज तर्रार वकील की तरह अपनी दलीलें रखते नजर आए। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से कथित शराब घोटाले से जुड़े केस से अलग हो जाने की मांग करते हुए आपके मुखिया ने कई दलीलें पेश कीं। केजरीवाल बेहद तीखे नजर आए और उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि उन्हें जज को लेकर मन में आशंकाएं हैं।



जस्टिस स्वर्ण कांता बोलीं

### मुझे घूरिए मत...

केजरीवाल ने कथित शराब घोटाला मामले में खुद दलीलें दीं। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ के समक्ष केजरीवाल ने कोर्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए। जस्टिस शर्मा को यह तक कह डाला कि अगर वे किसी खास आइडियोलॉजी के प्रोग्राम में जा रही हैं तो मेरे मन में डर पैदा होता है। इस पर जज शर्मा ने कहा- मुझे घूरिए मत।



## बेटे आनंद ने निभाईं रस्में, अंतिम दर्शन को लगा रहा लोगों का तांता

# आशा ताई पंचतत्व में विलीन, अंतिम विदाई में उमड़ा सैलाब

### सीएम फडणवीस समेत कई दिग्गज भी पहुंचे

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

दिग्गज गायिका आशा भोसले के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर तमाम फिल्मी कलाकारों और राजनेताओं का आना-जाना लगा रहा। गायिका को राजकीय सम्मान दिया गया। इसके बाद आशा ताई अपने अंतिम सफर पर निकलीं। सफेद और पीले रंग के फूलों से उनका मोक्ष रथ सजाया गया। दादर के शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया गया। एआर रहमान से लेकर सचिन तेंदुलकर, तब्बू, राकेश रोशन, राकेश रोशन, सिंगर्स सुदेश भोसले, जावेद अली और नितिन मुकेश समेत नील नितिन मुकेश पहुंचे। उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया। बेटे आनंद भोसले ने आशा भोसले को मुखाग्नि दी और इस दौरान वो टूट गए।

पोस्टर और फूलों से सजा शिवाजी पार्क



### सीएण फडणवीस ने परिवार को ढांढस बंधाया

ताई के अंतिम संस्कार के बाद महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस उनकी पोती और परिवार से मिले। राज ठाकरे ने भी उनके परिवार से मुलाकात की। गायक शान, अभिनेता विवेक ओबेरॉय, निर्देशक रमेश सिप्पी और अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने आशा ताई को श्रद्धांजलि दी।



### मुंबई पुलिस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

गायिका आशा भोसले को मुंबई पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।



### तेंदुलकर नहीं रोक सके अपने आंसू



ताई के देहांत पर विश्व के महानतम क्रिकेटर्स में शुमार सचिन तेंदुलकर फूट-फूटकर रोने लगे। सचिन की बीवी अंजलि भी मौजूद थीं। सचिन ने भावुक संदेश में बताया कि वे गायिका को उनके गीतों के माध्यम से हमेशा याद रखेंगे।

## युवती के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। इस मामले में मानक नगर के तेजी खेड़ा निवासी शिखा राजपूत ने सरोजनी नगर के नादरगंज स्थित सिपेट के पास रहने वाले राकेश नामक युवक के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिखा राजपूत का कहना है कि वह रोज की तरह रविवार को भी एलडीए कॉलोनी स्थित पैथोलॉजी में अपनी ड्यूटी पर गई थी। शाम के समय आरोपी राकेश ने उसे फोन कर नादरगंज चौकी के पास बुलाया। पीड़िता का कहना है कि वहां पहुंचने पर आरोपी ने उसे जबरन गाड़ी पर बैठाने का प्रयास किया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने गला दबाकर उसके साथ बुरी तरह मारपीट करने के साथ जानलेवा हमला किया।जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी ने उसका मोबाइल फोन और सिम भी तोड़ दिया। बाद में वह किसी तरह जान बचाकर भागी। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रेरणास्रोत- पंकज चौधरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को हजरतगंज स्थित अटल चौराहे पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीपांजिल अर्पित कर दीपोत्सव मनाते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राम चन्द्र कनोजिया ,उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण , वरिष्ठ भाजपा नेता डा0 नीरज सिंह, डा0 राज कुमार सिंह चौहान पत्रकार तथा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित बडी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने बाबा साहेब को दीपार्चन कर नमन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज सोमवार को बाबा साहेब की जयन्ती की पूर्व संध्या पर प्रदेश में बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर दीपोत्सव मनाया। बाबा साहेब की जयन्ती पर 14 अप्रैल को प्रदेश में सभी बूथों पर पार्टी के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता स्थानीय नागरिकों के साथ बाबा साहेब



के चित्र पर पुर्षाचन करके संविधान की प्रस्तावना का वाचन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार की प्रत्येक योजना बाबा साहेब के समतामूलक समाज के स्वप्न को साकार करते हुए गरीब, वंचित, अनुसूचित वर्ग के आर्थिक व सामाजिक उत्थान एवं जनभागीदारी के लिए समर्पित है। श्री चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और आगे बढ़ाने की दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और सामाजिक समरसता का यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाला जनआंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को अपने आचरण में उतारते हुए समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करें। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने देश को संविधान के रूप में एक मजबूत आधार दिया, जो आज भी राष्ट्र को सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उनके विचार समावेशी और सशक्त भारत के निर्माण की नींव हैं। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर पूरे प्रदेश में भव्य एवं व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश के लगभग 14 हजार स्थानों पर बाबा साहेब की प्रतिमाओं, स्मारक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई एवं माल्यार्पण किया जा रहा है। अभियान के संयोजक, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में स्वच्छता, समानता और जागरूकता का संदेश देने का एक व्यापक प्रयास है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करते हुए पार्टी कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक उनके संदेश को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान में प्रदेश के सभी सांसद, विधायक, जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी तथा पार्टी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती की दी शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश व प्रदेशवासियों को भारत रत्न ,बाबा साहब, डा0 भीमराव आंबेडकर की जयंती पर देश व प्रदेश वासियों को अपनी शुभकामनाएं व बधाई दी हैं।अपने शुभकामना संदेश में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डा0 आंबेडकर का पूरा जीवन ही एक संदेश है। समाज के कमजोर वर्गों के शैक्षिक व सामाजिक उत्थान में बाबा साहब आंबेडकर का बहुत बड़ा योगदान रहा।उनके आदर्श व उनका जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है। हम सबको उनके जीवन दर्शन से न केवल प्रेरणा लेनी चाहिए ,बल्कि उसे आत्मसात भी करना चाहिए। श्री मौर्य ने कहा कि भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार



सबका साथ- सबका विकास- सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ बाबा साहब के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है।

## ट्रामा सेंटर में नहीं मिला इलाज, घायल मासूम को गोद में लेकर दो घंटे भटकता रहा पिता

### कुत्तों के हमले में घायल 3 वर्षीय बच्ची, निजी अस्पताल में चल रहा इलाज; गरीब किसान पिता ने लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। तरौना गांव में कुत्तों के हमले में घायल हुई तीन वर्षीय मासूम अनन्या को समय पर इलाज न मिलने का मामला सामने आया है। पिता मनीष कुमार बेटी को गोद में लेकर ट्रामा सेंटर में करीब दो घंटे तक भटकते रहे, लेकिन उसे भर्ती नहीं किया गया। थक-हारकर वह रात करीब तीन बजे बेटी को लेकर घर लौट गए। फिलहाल बच्ची का इलाज संडीला के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। रहीमाबाद के तरौना निवासी मनीष सोनवानी के अनुसार, रविवार को कुत्तों के हमले में उनकी बेटी अनन्या गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वह उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित पिता का आरोप है कि ट्रामा सेंटर पहुंचने के बाद उन्होंने काफी देर तक बेटी को भर्ती कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस दौरान अस्पताल के एक कर्मचारी ने उन्हें डालीगंज स्थित आईटीएच अस्पताल भेज दिया। वहां डॉक्टर ने बाहर से दो इंजेक्शन मंगवाए, जिनकी कीमत क्रमशः 4200 और 2200 रुपये थी। इंजेक्शन लगाने के बाद उन्हें दोबारा ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। मनीष का कहना है कि रात करीब साढ़े 12 बजे से लेकर दो बजे तक वह बेटी को लेकर इधर-उधर भटकते रहे, लेकिन कहीं भर्ती नहीं किया गया। आखिरकार मजबूर होकर वह घर लौट आए और बाद में संडीला के एक निजी अस्पताल में बच्ची को भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि वह एक गरीब किसान हैं और यदि सरकारी अस्पताल में समय पर इलाज मिल जाता तो उन्हें कर्ज लेने की नौबत नहीं आती।

## टेंट लगा रहे मजदूर की हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर टेंट लगा रहे मजदूर की हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के बेहटवा गांव में आज सोमवार से भागवत कथा शुरू होनी थी। जिसके लिए गुडम्बा थाना क्षेत्र के सेक्टर -के, छोटा पहाड़पुर निवासी श्यामू रावत (36) सोमवार दोपहर भागवत कथा स्थल पर टेंट लगा रहा था। दोपहर बाद करीब 2 बजे वह लोहे की सीढ़ी पर चढ़कर टेंट का पाइप लगा रहा था। तभी लोहे का पाइप तेज हवा के झोंके से बगल से गुजर रही 11000 वोल्टेज विद्युत लाइन में छू गया।

## बाबा भीमराव अंबेडकर के जयंती के पूर्व संध्या पर दीप उत्सव का कार्यक्रम हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्देशन अनुसार सरोजनी नगर विधानसभा अंतर्गत विद्यावती द्वितीय वार्ड सिटी मॉडल स्कूल के समीप सेक्टर जी डबल स्टोरी पार्क के प्रांगण में भारत के संविधान रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर जी का जयंती के पूर्व संध्या पर उनके प्रतिमा को साफ सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद भव्य दीप उत्सव मनाया गया, कार्यक्रम में मंडल के सभी पदाधिकारीयों के बीच संगठन के निदेर्शानुसार लखनऊ महानगर के सह मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, सह मीडिया संयोजक चन्द्र भूषण पाण्डेय उर्फ पप्पू पाण्डेय को मुख्य अतिथि के रूप में लगाया गया ।



मुख्य अतिथि चंद्रभूषण पाण्डेय ने अपने संबोधन में बाबा साहब को दलित शोसीत एवं गरीबों का मसीहा के साथ-साथ महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर अपनी आवाज उठाते हुए सभी मनुष्यों में भेदभाव एवं छुआछूत को खत्म कर एकता का संदेश देने वाला नायक के रूप में बताया । कार्यक्रम में शारदा नगर दक्षिण दो मंडल के उपाध्यक्ष कार्तिकेय दीक्षित के अध्यक्षता में विद्यावती द्वितीय वार्ड के पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, मंडल पदाधिकारी देवी प्रसाद पाण्डेय , मनीष अवस्थी, अनिल तिवारी, तारकेश्वर तिवारी महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नीता दीक्षित , दीप त्रिवेदी, बबली त्रिवेदी वार्ड अध्यक्ष सुनीता लामा सभी क्षेत्रीय जनता के सहयोग से बाबा साहेब का दीप प्रज्वलित कर क्षेत्रीय बच्चों को पार्षद के द्वारा टौफियों का वितरण किया गया । भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय जनता और बच्चों का बहुत सहयोग प्राप्त हुआ और क्षेत्रीय लोगों में खुशियों का लहर प्रज्वलित हुआ फिर वहां के सभी कार्यकर्ता और जनता ने बाबासाहेब अमर रहेगा नारा लगाकर सभी के अंदर जोश भरते हुए कार्यक्रम को समापन किया ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शादी के सजावट कार्य से बाइक से जा रहे युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक में आग लग गई। घायल अवस्था में युवक को ग्रामीणों ने नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मलिहाबाद मिजार्गंज निवासी नीरज सैनी (30) रविवार रात करीब 9 बजे शादी के सजावट के कार्य से बाइक से मुजासा जा रहा था। तभी मिजार्गंज ओवरब्रिज के ऊपर पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं बाइक धूं धूं कर जलने लगी जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस और दमकल टीम को दी सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कुछ ही मिनटो में आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी। और घायल अवस्था मे युवक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया



मृतक नीरज फाइल – फोटो

जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घायल युवक इधर-उधर शादी बारात में सजावट का कार्य करता है। मृतक के परिवार में पत्नी शांति, डेढ़ वर्ष का एक बेटा श्रेयांश है जिनका रो-रो कर बुराहाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि प्रथम दृष्ट से प्रतीत हो रहा है कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है जिससे यह घटना घटी है। बाइक पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।

## जन समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता -केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित, प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। कई प्रकरणों में उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में



प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान ऐसा होना चाहिए जिससे आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि ह्वजन समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ह्व उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में जवाबदेही तय की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जा सके। जनता दर्शन में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, उत्पीड़न, सड़क एवं विद्युत समस्याएं, दुर्घटनाओं से संबंधित मामले, आवास आवंटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े अनेक प्रकरण सामने आए। उप मुख्यमंत्री ने इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## कार की टक्कर से गर्भवती महिला की मौत, मासूम सहित चार घायल



घायल मासूम जुहैब



अस्पताल में भर्ती तालिब



पेड़ के सहारे खड़ी कार

हादसा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाइक से सवार होकर अपने भांजे के साथ मायके जा रही गर्भवती महिला को कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक से उछलकर सवार दूर जा गिरे और कार कुछ दूर जाकर खंती में पलट गई। जिसमें बाइक सवार तीन और कार चालक भी घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने सभी की हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मनकौटी निवासी तालिब (22), मामी जुल्फी पत्नी हारून (35) और उसके बेट जुहैब डेढ़ वर्ष को बाइक से लेकर उसके मायके उन्नाव जनपद के नियाज अली खेड़ा जा रहे थे। तभी भतोइया गांव के पास लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार उछलकर खंती में जा गिरे और कार भी खंती में जाकर एक पेड़ के सहारे लटक गई। जिसमें सवार कार चालक रोहित साथी कुलदीप काजीपुर संडीला जनपद हरदोई भी गंम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख सभी को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान गर्भवती महिला जुल्फी की मौत हो गई। वहीं उसका बेटा जुहैब और भांजा तालिब का इलाज चल रहा है। जिनकी अभी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका का पति सऊदी अरब में जरदोजी का काम करता है। मृतका के परिवार में पति ससुर कल्लू, बेटा खुवैद 6 वर्ष, बेटी उनजा साढ़े 3 वर्ष है जिनका रो-रो कर बुराहाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि सड़क हादसे में घायलों का इलाज चल रहा है, जिसमें महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अस्पताल की चौथी मंजिल से गिरकर मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा, हत्या का आरोप, अस्पताल ने बताया आत्महत्या...

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के जुनाबगंज स्थित एक निजी अस्पताल में सोमवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई जब एक महिला मरीज की चौथी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि महिला की हत्या की गई है, जबकि अस्पताल प्रबंधन इसे आत्महत्या बता रहा है।मृतका की पहचान बंथरा के किशुनपुर कौड़िया निवासी 32 वर्षीय सीता दीक्षित के रूप में हुई है। उनके पति अभय दीक्षित रोडवेज में संविदा चालक हैं और अवकाश के दिन ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।जानकारी के अनुसार सीता दीक्षित का पिछले कुछ समय से मानसिक





स्वास्थ्य ठीक नहीं था और उनका इलाज उक्त अस्पताल में चल रहा था। रविवार को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें अस्पताल की चौथी मंजिल स्थित जनरल वार्ड में रखा गया था। पति अभय भी रात में उनके साथ वहीं रुके थे।मृतका के परिजनों के मुताबिक कि रात करीब दो बजे सीता उठकर वाशरूम गई थीं और फिर वापस आकर सो गईं। सुबह तड़के पांच बजे के बीच पति को झपकी लग गई। इसी दौरान सीता कमरे से निकलकर कहीं चली गईं। सुबह करीब 6 बजे अस्पताल परिसर में जनरल वार्ड के सामने जमीन पर वह बेसुध पड़ी मिलीं। आनन-फानन में उन्हें आई सी यू ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।प्रसाद हॉस्पिटल प्रबंधन के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में सीता को तड़के करीब चार बजे वार्ड से बाहर निकलते देखा गया है। हालांकि परिजनों का आरोप है कि फुटेज में महिला के गिरने का दृश्य नहीं दिख रहा है, जबकि उसकी चप्पलें नीचे गिरती दिखाई दे रही हैं। इसे लेकर परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए अस्पताल स्टाफ पर साजिश का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि यदि महिला चौथी मंजिल से गिरी होती तो घटनास्थल पर खून के निशान जरूर मिलते, लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन ने सबूत मिटाने की कोशिश की है।मृतका के पति अभय दीक्षित ने बताया कि पहले जब उनकी पत्नी भर्ती थी तो अस्पताल के गार्ड उन्हें समय-समय पर जगाकर मरीज पर नजर रखने के लिए कहते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि तड़के कब उनकी पत्नी उठकर चली गईं, उन्हें पता ही नहीं चला।मृतका के भाई धीरज तिवारी ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को समय पर नहीं दी। उनका कहना है कि जब उन्होंने अस्पताल के चेयरमैन भगवान प्रसाद यादव से इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा कि पति ने पुलिस को सूचना देने से मना किया था, जबकि ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया गया था।वहीं मृतका के दूसरे भाई नीरज तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर अस्पताल प्रशासन, चेयरमैन और प्रिंसिपल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उनका आरोप है कि अस्पताल स्टाफ और डॉक्टरों की मिलीभगत से उनकी बहन की हत्या की गई है।घटना की सूचना मिलते ही बंथरा पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालात को काबू में किया। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि मृतका का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और उसका इलाज चल रहा था। परिजनों से तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

## जालसाजों ने तीन ट्रांजैक्शन में खाते से पार किया पचास हजार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां अज्ञात जालसाजों ने यूपीआई के माध्यम से एक व्यक्ति के बैंक खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस और साइबर क्राइम सेल से की है। जानकारी के अनुसार, रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भावाखेड़ा निवासी जमील का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा की रहीमाबाद शाखा में है। सोमवार को अज्ञात ठगों ने उनके खाते से तीन ट्रांजैक्शन में 50 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने बताया कि जैसे ही उन्हें संदिग्ध लेनदेन की जानकारी हुई, वह तुरंत बैंक पहुंचे



और अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम सेल और रहीमाबाद थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और साइबर टीम के सहयोग से आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षेप

### मार्ग दुर्घटना में युवक घायल हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के रामपुर लोन निवासी प्रशांत तिवारी ने तहरीर देकर सड़क दुर्घटना में पिता के घायल होने की सूचना दी है ।रामपुर लोन निवासी प्रशांत तिवारी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके पिता 2 अप्रैल को साइकिल से खेत पर गए थे वापस आते समय गांव से पहले केदारखेड़ा के पास सड़क पर घूम रहे छुट्टा मवेशी ने साइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गए। घायल पिता को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां गंभीर स्थित देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर किया गया है ।थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही।

### दबंगो ने युवक के पैर में मारी गोली हालत गंभीर



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।माखी थाना क्षेत्र के कुटरा गांव में सोमवार सुबह करीब दस बजे हड़कंप मच गया। गांव के ही एक व्यक्ति मनोज शुक्ला (45) पुत्र पुत्तूलाल को पड़ोसियों ने कथित तौर पर पैर में गोली मार दी।गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है ।परिजनों के अनुसार, मनोज शुक्ला को पैर में गोली लगी है।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर अभिषेक विश्वकर्मा की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, घायल की स्थिति फिलहाल स्थिर है, हालांकि पूरी जांच के बाद ही स्पष्ट स्थिति सामने आएगी ।घटना के संबंध में घायल के भतीजे देवेंद्र शुक्ला ने बताया कि वह अपने चाचा के साथ दुकान जा रहे थे, तभी गांव के कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और फायरिंग शुरू कर दी।देवेंद्र के अनुसार, आरोपियों में दीपक सिंह, राहुल सिंह, कुलदीप सिंह, अमन सिंह और सौरभ सिंह शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने राइफल और कट्टे से कई राउंड फायर किए, जिसमें एक गोली मनोज शुक्ला के पैर में जा लगी। देवेंद्र ने यह भी बताया कि इस घटना के पीछे कोई पुरानी रंजिश नहीं थी, बल्कि आरोपियों ने पहले भी अभद्र व्यवहार किया था।सोमवार को अचानक रास्ते में घेरकर हमला कर दिया गया।उन्होंने गांव के ही छोटू प्रधान उर्फ धीरेंद्र सिंह पर इस हमले को अंजाम दिलवाने का मुख्य आरोप लगाया है ।थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मृतकों के शव गांव पहुंचते ही परिजनो में मची चीख पुकार

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर रविवार को गिट्टी लदे डंपर के पलटने से चाट ठेले पर पलट जाने के मामले में किशोर सहित किसान की मौत के बाद सोमवार को दोपहर शव गांव पहुंचते ही चीख पुकार मच गई मृतक के परिजनों ने खेत में शव का अंतिम संस्कार कर दिया घटना की जानकारी मिलने पर भारतीय जनहित महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा देकर ढाढस बंधाया घटना होने के बाद गांव में महतम पसरा हुआ था,एसडीएम ने मृतक के परिजनों को आवास ,कृषक दुर्घटना बीमा,पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने की बात कही,

हसनगंज कोतवाली नेवलगंज गांव निवासी चालक कपिल यादव रविवार देर शाम बांगरमऊ की ओर से डंपर में गिट्टी लादकर लखनऊ की ओर जा रहा था, तभी लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर नेवलगंज गांव के



सामने तेज रफ्तार डंपर अनंत्रित होकर सड़क के किनारे चाट के ठेले पर जाकर पलट गया ,हादसे में चाट विक्रेता सहित चार लोग उसी के नीचे दब गए हादसे में चाट खाने के लिए खड़े गांव के ही अशोक 35 और सूरज 14 की दबकर मौत हो गई घटना में गांव के ही सलीम 35 गंभीर रूप से घायल हो गए लोक बंधु अस्पताल में भर्ती है जहां उसका इलाज चल रहा है, मामूली जख्मी होने से बउवा को छुट्टी दे दी ,घटना के पास पीपल का पेड़ खड़ा होने की वजह से और बड़ी घटना होने से बच गई आसपास के ग्रामीण लीलाधर जोशी,राकेश, मुकेश, संजय, आदि लोगो ने बताया कि बरन देव बाबा में बहुत ही शक्ति है इसके पहले भी एक बार टेंपो अनंत्रित हुआ था जो पेड़ के पास ही रुक गया था, जिससे घटना नहीं हुई थी आसपास के लोग शनिवार व मंगलवार को दीपक जलाकर पूजा अर्चना करते हैं ,ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ब्रेकर बनवाने की मांग की जा चुकी है लेकिन प्रशासन ब्रेकर बनवाने की ओर ध्यान नहीं देता है मृतक का शव दोपहर बाद पहुंचने के बाद परिजनो ने खेत में अंतिम संस्कार कर दिया गया, घटना के साढ़े चार घंटे बाद एसडीम प्रज्ञा पाण्डेय रात 10 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया जिस पर परिजनों ने 10 सूत्री मांगों का प्रार्थना पत्र देकर मदद की मांग की जिसमें आवास, नौकरी,विद्युवा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री राहत दुर्घटना बीमा,दो बीघे जमीन का पट्टा, अंतोदय राशन कार्ड, सहित डंपर चालक पर प्राथमिकी दर्ज की मांग की

**अजगैन मोहान मार्ग नवई गांव में स्थित हाईट गेज टूटने की वजह से हादसे बढ़ने लगे, दो माह तक हाईट गेज लगने पर हादसा नहीं हुआ**

# प्लॉट आवंटन निगरानी समिति की बैठक का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। ट्रांस गंगा सिटी क्षेत्र में किसानों द्वारा निःशुल्क प्लॉट उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। इसी क्रम में ग्राम शंकरपुर सराय स्थित किसान कार्यालय पर प्लॉट आवंटन निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने कहा कि ट्रांस गंगा सिटी में किसानों को निःशुल्क प्लॉट मिलने से उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर वे लगातार प्रयासरत हैं।हाल ही में उन्होंने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही लखनऊ में यूपी सीडा (UPSIDC) के वरिष्ठ अधिकारियों से भी वार्ता कर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का आग्रह किया है।

अजय अनमोल ने बताया कि वर्ष 2014 में ही किसानों के हित में शासनादेश जारी हो चुका है। इसके



तहत प्रभावित किसानों को सिटी क्षेत्र में निःशुल्क प्लॉट दिए जाने का प्रावधान था। इसके बावजूद अब तक प्लॉट आवंटन में हो रही देरी चिंता का विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सभी 1580 किसान परिवारों को उनका हक नहीं मिल जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा ।उन्होंने कहा कि किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक है।इससे न केवल किसानों का वर्तमान जीवन स्तर सुधरेगा, बल्कि उनकी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बेहतर भविष्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने प्रशासन से प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने की मांग की। बैठक के दौरान किसानों ने अजय अनमोल का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की।इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि प्लॉट आवंटन निगरानी समिति की साप्ताहिक बैठक प्रत्येक रविवार को आयोजित की जाएगी।इन बैठकों में आवंटन प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और आवश्यकतानुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी।इस अवसर पर जिला महासचिव प्रदीप निषाद, जिला उपाध्यक्ष सुभाष राजपूत, जिला सचिव करन त्रिवेदी, तहसील अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत और संगठन सचिव लल्लन शर्मा सहित कई अन्य किसान नेता उपस्थित रहे।

# काम पर जा रहे युवक की ट्रेन की चपेट से मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।यह घटना गोकुल खेड़ा गांव के पास हुई। मृतक की पहचान विकास नगर, अजगैन निवासी मोहम्मद दानिश (18) पुत्र यासीन के रूप में हुई है।सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।मोहम्मद दानिश शुक्लागंज के गांधी नगर इलाके में किराए पर रहता था और नौकरी करता था। वह कानपुर में मेट्रो परियोजना के तहत वेल्डिंग का काम करता था।बताया जाता है कि वह काम पर आने-जाने के लिए रोजाना रेलवे ट्रैक का इस्तेमाल करता था ।सोमवार को भी दानिश किसी काम से निकला था, तभी गोकुल खेड़ा के पास अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना इतनी तेजी से हुई कि युवक को संभलने का मौका नहीं मिला। ट्रेन की तेज



रफ्तार के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी ।घटना की जानकारी मिलते ही मोहम्मद दानिश के परिजन मौके पर पहुंच गए। परिवार पर इस घटना से गहरा दुख पहुंचा है।परिजनों ने बताया कि करीब तीन साल पहले दानिश के एक भाई की भी मौत हो गई थी। अब दानिश की मौत से परिवार में केवल एक बहन बची है ।अजगैन थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह एक हादसा प्रतीत होता है।उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं की जांच के बाद ही अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा।

# बाबा साहेब भीमराव जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ भव्य जवाबी कीर्तन का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। असोहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित जवाबी भजनकल दिन रविवार रात 8 बजे से सुबह 4 बजे तक ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेमरी में जवाबी भजन का हुआआयोजन इस कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी मोहित शुक्ला ने किया मोहित शुक्ला ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के दो दिन पूर्व यह आयोजन किया गया आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सम्प्रभुता शुक्ल ने बताया कि बाबा साहब ने हमे एक दूसरे के साथ रह कर चलना एक दूसरे के सुख दुःख में खड़े होना चाहिए बाबा साहब ने समाज को जोड़ कर चलने के बारे में बताया जो कि हम उन्ही के मार्गदर्शन पर चल रहे है



आगे भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे बाबा साहब किसी एक व्यक्ति के नही है बाबा साहब सबके है। इस मौके पर मोहित शुक्ला ने एक सैकड़ा लोगो को अंग वस्त्र देकर समानित भी किया वही गोमापुर व रायबरेली से आई भजन मंडली को अंग वस्त्र पहनकर मोहित शुक्ला ने सम्मानित किया इस मौके पर दिनेश सिंह,विनोद शुक्ला, (कन्डेक्टर) देवतादीन,श्री कृष्ण, रामपाल, राकेश कश्यप, बब्लू, गंगाराम,राम कुमार, गुरु कश्यप, अशोक कुमार,राम विशुन, लोधेश्वर, पप्पू रावत,गुजन कश्यप, बंगाली, रज्जन सविता,मुकेश कुमार महादेव,अजय कुमार, प्रेमशंकर ,रामकिशन ,रामधार कमल सहित सैकड़ों लोगो ने भजन का जम कर आनन्द लिया ।

# आज भी नेता जी की याद दिलाती है मरोचा नहर कोठी

**अमन लेखनी समाचार**

नवाबगंज, उन्नाव। मरोचा गांव के नहर किनारे बनी नहर कोठी आज भी क्रांतिकारी नेता सुभाषचंद्र बोस की याद ताजा करती है।यह कोठी करीब 200 साल पुरानी बताई जाती है। इसका निर्माण अंग्रेजो ने कराया था। यही पर बैठ कर अंग्रेजी हुकूमत जमींदारों से लगन की वसूली करती थी।देश की आजादी के बाद इसे नहर विभाग के सुपुर्द कर दिया गया था। लगभग 5 बीघा के परिक्षेत्र में बनी है विशालकाय कोठी आज विभाग की उपेक्षा से जर्जर हो चुकी है।इस कोठी में रहकर नेता जी ने 12 व 13 मई 1938 को बटुकेश्वरदत्त की अध्यक्षता में विशाल क्रांतिकारी सम्मेलन मकूर ग्राम में आयोजित कर पहली बार फावर्ड ब्लॉक के गठन की घोषणा की थी। जिसका संस्थापक अध्यक्ष सर्व सम्मति से नेता जी को चुना गया था।यह सम्मेलन तीन दिन तक चला था। जिसमे करीब 1 लाख युवा शामिल हुए थे। उस समय



असेम्बली में बम कांड में शहीद भगत सिंह का साथ देने वाले बटुकेश्वरदत्त वाईएस राय यशपाल सिंह 1915 के क्रांतिकारी गुरुमुख सिंह मनमथ नाथ गुप्ता कैलाशनाथ रफी अहमद किदवई शिव शर्मा जयदेव कपूर व शिव प्रसाद मिश्र शामिल हुए थे।जिसकी अध्यक्षता पं विशम्भर दयाल त्रिपाठी संचालन मुंशी रामगुलाम ने किया था।यही पर नेता जी ने सोवियत संघ के मास्को से प्रेरित होकर रामगुलाम के निवेदन पर मकूर में मास्क नगर बसाया था। देश की आजादी में मकूर ग्राम के मुंशी ब्रजलाल जुराखन महाबीर पासी रामगुलाम भजनी रामगुलाम सिंह जगनायक व राम स्वरूप यादव सहित सात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपनी भागीदारी निभाई है।जिनकी स्मृति शेष है।

# रेलवे फाटक का मरम्मत कार्य किया गया स्थगित

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर रायबरेली मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 126 (स्पेशल) पर प्रस्तावित मरम्मत कार्य फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।यह कार्य मशीन उपलब्ध न होने के कारण टाला गया है।पहले यह फाटक 13 अप्रैल की सुबह 7 बजे से 15 अप्रैल की शाम 6 बजे तक, कुल 59 घंटे के लिए बंद किया जाना था ।सीओ इंजीनियर (पीडब्ल्यूआई) कार्यालय ने इस संबंध में जिला प्रशासन को पहले ही सूचना दे दी थी। मोतीनगर-आवास विकास के बीच स्थित इस फाटक पर ट्रैक की मरम्मत, मशीन पैकिंग और ओवरहॉलिंग का कार्य प्रस्तावित था।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह कार्य ट्रैक की मजबूती और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

प्रस्तावित बंदी के दौरान किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन रेलवे फाटक से संभव नहीं होता।इससे इस



मार्ग से गुजरने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता था।रेलवे विभाग ने वैकल्पिक मार्ग के रूप में ओवरब्रिज का उपयोग करने की सलाह दी थी, ताकि यातायात सुचारू रहे।स्थानीय प्रशासन को भी वैकल्पिक मार्गों पर यातायात का दबाव संभालने के लिए उचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। रेलवे विभाग ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया था कि फाटक बंद रहने की अवधि में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तथा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की तैनाती की जाए। साथ ही, मौके पर संकेतक बोर्ड, बैरिकेडिंग और मार्गदर्शन के लिए कर्मियों की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा गया था, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो ।सेक्शन इंजीनियर महेश मीणा ने बताया कि मशीन उपलब्ध न होने के कारण कार्य स्थगित किया जा रहा है। मशीन आने के बाद पुनः सूचना देते हुए कार्य शुरू किया जाएगा। नई तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी।

# परिषदीय शिक्षकों ने वेतनमान को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को सौपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव, मौरावां।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक व जूनियर संघ के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर परिषदीय शिक्षकों की चयन वेतनमान पत्रावलियां तैयार कराकर लेखा कार्यालय भेजने की मांग की है। विकास खण्ड हिलौली में कार्यरत परिषदीय शिक्षकों के चयन वेतनमान पत्रावलियां लेखाधिकारी कार्यालय भेजने के लिए सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक व जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने एक-सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार के किसी बैठक में उन्नाव जाने के कारण कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक शेर बहादुर ने ज्ञापन स्वीकार किया।इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया, अध्यक्ष विकास सिंह, मंत्री सहदेव, जूनियर शिक्षक संघ के मण्डलीय मंत्री



अनिल शुक्ल, मंत्री प्रदीप मिश्र, विद्याशंकर मिश्र, पंकज चौरसिया, राम प्रकाश आदि शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार से पदाधिकारियों ने फोन पर वार्ता कर ज्ञापन से अवगत कराया जिस पर बीईओ ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया ने बताया कि बीते 7 अप्रैल को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पत्र जारी कर सभी शिक्षकों की चयन वेतनमान पत्रावलियों भेजने का निर्देश दिया था किंतु अभी तक शिक्षकों की पत्रावलियां नहीं पहुंच सकी हैं। इसलिए शिक्षक हितों को ध्यान में रखते हुए बीईओ को आज ज्ञापन दिया गया।

# गेहूं के खेत में लगी आग लगभग 15 बीघा फसल जलकर हुई राख

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। असोहा क्षेत्र के दो गांवों में गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से आग लगने से लगभग 15 बीघा फसल जलकर खाक हो गई ।दमकल की टीम ने दोनो स्थानों पर पहुंचकर आग पर काबू पाया ।लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देने की बात कही है ।असोहा क्षेत्र के गांव कंचनपुर में सोमवार दोपहर लगभग दो बजे गांव के ही शिवबरन की दो बीघा, आशा सिंह की डेढ़ बीघा, नन्हकऊ की एक बीघा खेतो में खड़ी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई ।खेत मालिकों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवा चलने से आग और विकराल हो गई ।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दमकल ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।वही क्षेत्र के गांव कालूखेड़ा निवासी किसान प्रेमशंकर दीक्षित की क्षेत्र के गांव भवलिया में 12 बीघा खेत में गेहूं की फसल खड़ी थी ।उक्त खेत को भवलिया निवासी रामसनेही ने ठेके पर के रखा है ।वही गांव के ही ओमप्रकाश की दो बीघा व धर्मेंद्र मौर्य की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल में सोमवार दोपहर लगभग ढाई बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई।आसपास के लोगो ने खेतों पर आग लगी देख खेल मालिकों को सूचना दी ।खेत मालिकों की सूचना पर पहुंची दमकल ने लगभग एक बाद आग पर काबू पाया ।आग लगने की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल अशोक कुमार ने मौके पर पहुंचकर आग से नुकसान का आकलन किया है ।लेखपाल ने नुकसान की रिपोर्ट एसडीएम को देने की बात कही है।

# जिला अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। जिला अस्पताल में सोमवार को ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।सुबह से ही अस्पताल परिसर में लंबी कतारें देखी गईं।पंजीकरण काउंटर पर मरीजों का भारी दबाव रहा, जिसके चलते दोपहर तक एक हजार से अधिक मरीजों का पंजीकरण किया गया।

अस्पताल में बुखार, जुकाम, खांसी और डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या सर्वाधिक रही। बदलते मौसम के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है, जिसका सीधा असर ओपीडी में दिखाई दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी आयु वर्ग के मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे ।पंजीकरण के साथ-साथ ब्लड जांच, एक्स-रे और सीटी स्कैन जैसे विभागों में भी मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं।पैथोलॉजी विभाग में भीड़ के कारण जांच में देरी हुई, जिससे मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ा। सीमित मशीनों और अधिक भीड़ के चलते लोगों को घंटों इंतजार करना



पड़ा ।अस्पताल प्रशासन ने व्यवस्था संभालने का प्रयास किया, लेकिन मरीजों की अत्यधिक संख्या के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित होती दिखीं। कई मरीजों ने बैठने और पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था न होने की शिकायत भी की।डॉ. कौशलेंद्र और डॉ. अमित कुमार ने बताया कि ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जा रहा है और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।उन्होंने यह भी कहा कि मौसम में बदलाव के कारण वायरल बीमारियां बढ़ रही हैं, इसलिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।डॉक्टरों ने साफ-सफाई का ध्यान रखने, उबला या स्वच्छ पानी पीने और हल्का व ताजा भोजन करने की सलाह दी। साथ ही, किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेने को कहा गया है। अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएं करने का आश्वासन दिया है।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर की गई कार्यवाही

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खनन निरीक्षक प्रांजुल सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई ।अभियान के दौरान, खनिज (गिट्टी/मौरंग) का परिवहन कर रहे दो ट्रकों को ओवरलोडिंग और आवश्यक दस्तावेजों की कमी पाए जाने पर मौके पर ही सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, जांच में अनियमितता मिलने पर पांच अन्य ट्रकों का ऑनलाइन चालान भी किया गया ।खनिज विभाग के अनुसार, इस कार्रवाई से लगभग 3 लाख 70 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। विभाग ने बताया कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे ।खनन निरीक्षक प्रांजुल सिंह ने जानकारी दी कि शासन के निदेशानुसार जिले में खनिज के अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर सख्ती बरती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।सिंह ने वाहन चालकों और कारोबारियों से अपील की कि वे निर्धारित मानकों का पालन करते हुए ही खनिज का परिवहन करें और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अवैध खनन और नियमों की अनदेखी के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है, और ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# महिला ने चाकू से रेता अपना गला इलाज के दौरान मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।पति से मामूली कहासुनी के बाद नव विवाहिता ने सुसाइड कर ली।उसने चाकू से खुद का गला रेत डाला।महिला को लहूलुहान हालत में देख ननद की चीख निकल गई। चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

परिजनों ने बताया- 6 महीने पहले ही महिला की कोर्ट मैरिज हुई थी।घर की आर्थित स्थिति ठीक नहीं थी।देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

सुबह पति काम पर गया और सास-ससुर खेत पर। घर में सिर्फ ननद मौजूद थी। तभी महिला ने किचेन में रखी चाकू से अपना गला रेत लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है ।दही थाना क्षेत्र के टीकरगढ़ी मजरा मुकुंदखेड़ा गांव निवासी विनय दीप और सलमा (25) की मुलाकात इंटरनेट मीडिया के जरिए हुई थी। दोनों ने 25 अक्टूबर 2025 को इंटरकास्ट कोर्ट मैरिज की थी। शादी को अभी छह माह ही हुए थे।

परिजनों ने बताया- विनय दीप मेहनत-मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। जिसे लेकर आए दिन पति-पत्नी के बीच विवाद होता था। रविवार रात जब विनय काम से लौटा था, तो भी उसका सलमा से विवाद हुआ था ।परिजनों ने बताया- सलमा की तबीयत ठीक नहीं थी। वह कई दिनों से विनय को दवा दिलाने और डॉक्टर को दिखाने के लिए कह रही थी। पर पैसों की तंगी के चलते विनय उसका टाल रहा था। शनिवार रात विनय काम से लौटा तो उसने फिर से डॉक्टर के पास ले जाने और दवा दिलाने के लिए कहा। विनय ने टाल-मटोल की तो दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

कुछ देर के बाद विनय जाकर दूसरे कमरे में सो गया। रविवार सुबह उठकर मजदूरी करने घर से निकल गया। सुबह करीब 8 बजे सास लक्ष्मी और ससुर मुन्नीलाल गेहूं की फसल काटने खेत चले गए। घर पर सिर्फ सलमा और उसकी ननद मौजूद थे ।सुबह करीब 9 बजे ननद ने रसोई में जाकर देखा तो सलमा खून से लथपथ फर्श पर पड़ी हुई थी। हाथ में खून से सना चाकू था और उसका गला कटा हुआ था। ननद ने शोर मचाया तो पड़ोसी मौके पर पहुंचे और सलमा को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए। जहां रविवार देर रात इलाज के बाद सलमा ने दम तोड़ दिया ।थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया-घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक की टीमें मौके पर पहुंची थीं। कई साक्ष्य जुटाए गए हैं। हालाकि अब तक परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का ही लग रहा है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मायके पक्ष को सूचना दे दी गई है।

## सम्पादकीय

# देर से सही, लेकिन देना ही पड़ा इस्तीफा

नोटकांड में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को देर से ही सही, लेकिन आखिरकार इस्तीफा देना ही पड़ा। यह केवल एक व्यक्ति का पद छोड़ना नहीं, बल्कि भारतीय न्यायपालिका की साख पर लगे एक गहरे दाग की स्वीकारोक्ति जैसा ही है। एक जज के घर से बोरियों में भारी मात्रा में नोटों का मिलना, वह भी आग लगने जैसी घटना के बाद, किसी साधारण अनियमितता का मामला नहीं हो सकता। यह सीधे-सीधे उस नैतिकता और शुचिता पर सवाल है, जिसकी उम्मीद न्यायाधीशों से की जाती है। होली 2025 की रात दिल्ली स्थित सरकारी आवास में आग लगने के बाद जले हुए नोटों की गड्डियां मिलने की घटना ने देश को चौंका दिया था। इसके बाद शुरू हुई जांच, ट्रांसफर, और न्यायिक कार्य से दूरी, ये सभी घटनाक्रम बताते हैं कि मामला कितना गंभीर था। दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण भी कई सवाल छोड़ गया। क्या यह एक अस्थायी समाधान था या वास्तविक कार्रवाई से बचने का रास्ता? भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका को सबसे भरोसेमंद स्तंभ माना जाता है, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद भी इस तरह के आरोप सामने आते हैं, तो जनता का विश्वास डगमगाना स्वाभाविक है। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। इस मामले ने इसी बुनियादी सिद्धांत को चुनौती दी है। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। क्या किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस्तीफा ही पर्याप्त दंड है? या फिर इसके आगे आपराधिक जांच और सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए? संसद में महाभियोग की प्रक्रिया जरूर मौजूद है, लेकिन इसकी जटिलता और लंबाई इसे अक्सर अप्रभावी बना देती है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि जस्टिस वर्मा ने आरोपों को साजिश बताया, जबकि सुप्रीम कोर्ट की कमेटी द्वारा करवाई गई जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया। ऐसे विरोधाभासी दावों के बीच पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग और तेज हो जाती है। क्या जांच की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए? क्या जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि आखिर सच क्या है? इस पूरे घटनाक्रम ने न्यायपालिका के भीतर की इन-हाउस प्रणाली पर भी कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह प्रणाली इतनी सक्षम है कि वह अपने ही भीतर की गड़बड़ियों को निष्पक्षता से उजागर कर सके? या फिर इसमें बाहरी निगरानी की जरूरत है? यह समय इन सवालों से बचने का नहीं, बल्कि उनका सामना करने का है। देश में न्यायपालिका की ताकत उसकी नैतिक विश्वसनीयता में निहित होती है। अगर यही आधार कमजोर पड़ने लगे, तो पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर असर पड़ता है। इसलिए यह जरूरी है कि इस मामले को केवल एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना मानकर भुला न दिया जाए, बल्कि इसे एक चेतावनी के रूप में भी लिया जाए। अब जरूरत है न्यायपालिका में ठोस सुधारों की। जजों के लिए आचार संहिता को और कड़ा किया जाए, नियुक्ति और निगरानी प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए और आरोप साबित होने पर त्वरित व सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी उसकी जवाबदेही। अंततः, देर से ही सही लेकिन न्याय की जीत हुई है। चूंकि देर-सबेर जस्टिस वर्मा को इस्तीफा देना ही था। लेकिन यशवंत वर्मा का इस्तीफा एक अंत नहीं, बल्कि शुरुआत होना चाहिए एक ऐसे सुधार की, जो न्यायपालिका को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और भरोसेमंद बना सके। लोकतंत्र में न्याय का मंदिर तभी मजबूत रहेगा, जब उसकी नींव पूरी तरह निष्कलंक हो।



जयंती विशेष

नरेंद्र मोदी

आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक तथा पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती है। हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

# ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, "हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।" साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही। महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, "बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।" उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है।

पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधार स्तंभ बना रहा है। अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है।

उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के



लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महात्मा फुले ने कहा था, "जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही" यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना।

यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है। उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है।

वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया। भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे। मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

विचार

राजेश अग्रवाल



# साय के नेतृत्व में बस्तर बनेगा ग्लोबल टूरिज्म हब

कभी नक्सलवाद की चुनौतियों से जूझने वाला बस्तर अब शांति, विकास और पर्यटन की नई पहचान गढ़ रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा नक्सलवाद के खात्मे की घोषणा के बाद बस्तर में विकास की रफ्तार तेज हो गई है और अब यह क्षेत्र राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा देकर एक ऐतिहासिक पहल की है, जिसके अंतर्गत होटल, इको-टूरिज्म, वेलनेस सेंटर और एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसे क्षेत्रों में 45 प्रतिशत तक सब्सिडी एवं प्रोत्साहन पैकेज प्रदान किए जा रहे हैं। इससे निजी निवेश को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में बस्तर को एक विश्वस्तरीय पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाए। पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने और आकर्षक सब्सिडी नीति के माध्यम से हम देश-विदेश के निवेशकों को आमंत्रित कर रहे हैं। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य बस्तर को ऐसा पर्यटन केंद्र बनाना है जहां पर्यटक सुरक्षित, सहज और समृद्ध अनुभव प्राप्त कर सकें। नक्सलवाद के समाप्त होने के बाद बस्तर में शांति और सुरक्षा का वातावरण बना है, जो पर्यटन विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले समय में बस्तर देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित होगा।

**चित्रकोट बनेगा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र:** बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थल चित्रकोट जलप्रपात को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए तीर्था गांव में लगभग 50 लग्जरी टेंट, साहसिक गतिविधियों और आधुनिक सुविधाओं से युक्त टेंट सिटी परियोजना प्रस्तावित है, जिसमें करीब 25 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। इसके साथ ही "इंडिजिनस नेचर रिट्रीट" जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से लगभग 250 करोड़ रुपये के निवेश से चित्रकोट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और धुड़मारास गांव को वैश्विक पहचान मिल रही है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा धुड़मारास को विश्व के श्रेष्ठ पर्यटन ग्रामों में शामिल किए जाने से बस्तर की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हुई है। राज्य सरकार की होमस्टे नीति के माध्यम से ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ मिलने के साथ पर्यटकों को बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति का अनुभव भी प्राप्त हो रहा है।

**बेहतर कनेक्टिविटी से आसान होगा सफर :** बस्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी सुधार के लिए रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना सहित कई सड़क एवं परिवहन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिससे पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। "बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट" के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है, वहीं मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन के तहत पर्यटन स्थलों के उन्नयन, स्वच्छता, पेयजल, अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति का अनमोल संगम :** बस्तर पंडुम जैसे भव्य आयोजनों के माध्यम से जनजातीय संस्कृति, लोकगीत, नृत्य और हस्तशिल्प को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके साथ ही युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा होमस्टे, रिसॉर्ट, वुडन कॉटेज और कैफेटेरिया जैसी सुविधाओं के विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे बस्तर टूरिज्म सर्किट को सशक्त बनाया जा सके।

## हर अपराधी में होता है सहायता के लिए पुकारता एक इंसान



श्री श्री रविशंकर

दर्शन

विश्वास और संवाद का टूटना ही सभी संघर्षों को जन्म देता हैं। लेकिन जब किसी को यह महसूस होता है कि उसे समझा जा रहा है, तो वह सुनना शुरू करता है और सबसे कठोर हृदय भी धीरे-धीरे पिघलने लगता है। गहरी समझ यह है कि हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छिपा होता है, जो सहायता के लिए पुकार रहा होता है, एक ऐसी चोट जो देखभाल चाहती है। यदि आप उन्हें ठीक होने में सहायता करें और यह अनुभव दें कि उनकी बात को सुना जा रहा है तो अपराधी स्वतः ही विलीन हो जाता है।

**करुणा, प्रज्ञा और वैराग्य का अंतर्संबंध**

यदि आप मेरी दृष्टि से देखें, तो वे सभी सुंदर हैं। यह सब समझने, सुनने और करुणामय होने की बात है। करुणा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम मांगें या जिसके लिए किसी के कहने का इंतजार करें। करुणा हमारा स्वभाव है, हमारी मूल प्रकृति। करुणा को सशक्त बनाए रखने के लिए उसके साथ दो और गुणों का होना आवश्यक है-प्रज्ञा और वैराग्य। यदि इनमें से कोई एक भी अनुपस्थित हो, तो करुणा अपनी शक्ति खो देती है। प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति करुणामय होते हुए भी विरक्त कैसे रह सकता है।

## अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया– 'तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।'!

## अंतर्मन




## आज की पाती

**युद्धविराम से उभरती नई विश्व व्यवस्था की दिशा**

मध्य पूर्व में पिछले चालीस दिनों से जारी तनाव और संघर्ष के बाद जब अमरीका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल दो देशों के बीच शांति का क्षण भर का प्रयास नहीं था, बल्कि वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में सामने आया। इस संघर्ष ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती दी, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी गहरा प्रभाव डाला। ऐसे में यह युद्धविराम आशा की एक किरण के रूप में देखा जा रहा है, किंतु इसके पीछे छिपी जटिलताएं और भविष्य की अनिश्चितताएं भी उतनी ही गंभीर हैं। होर्मुज स्ट्रेट, जो विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, संघर्ष का केंद्र बन गया था। -कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### सफलता की कुंजी



आपकी परिस्थितियां, संघर्ष और सपने ही आपको अद्वितीय बनाते हैं। इसलिए, अपनी क्षमताओं और खूबियों को पहचानें और फिर पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ें। यही संतुलन सच्ची खुशी व सफलता की कुंजी है।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### महत्वपूर्ण बदलाव



संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण अब देश में बेहद खुशी और उत्साह का क्षण है। मै प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करती हू, जिन्होंने इस अधिनियम को लाने के लिए इतना बड़ा प्रयास किया। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव साबित होगा।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### उन्नत तकनीकों का प्रयोग



हमारे किसान भाइयों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी अपनाना चाहिए। मिट्टी की सेहत का ध्यान रखते हुए, संतुलित उर्वरकों का उपयोग और जल संरक्षण के लिए उन्नत तकनीकों का प्रयोग समय की आवश्यकता है।

- भजनलाल, सीएम, राजस्थान

### महिला आरक्षण



लंबे समय तक चुप्पी साधने के बाद मोदी सरकार अचानक महिला आरक्षण के मुद्दे पर सक्रिय हो गई है। इस बारे में, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण के मुद्दे पर 16 से 18 अप्रैल तक संसदीय बैठक तय है।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया एवं चीन सहयोग और गहरा करने पर सहमत

उत्तर कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने अपने देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर ''गहन विचार-विमर्श'' किया। दोनों देशों के सरकारी मीडिया संस्थानों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी बृहस्पतिवार को प्योंगयांग पहुंचे। यह पिछले सात वर्ष में उत्तर कोरिया की उनकी पहली यात्रा है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि वांग और उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने अपनी बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की लेकिन उन्होंने इन मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।



## ऑफ बीट

# मानव शरीर का 'डिजाइन परफेक्ट' नहीं : अध्ययन

मानव शरीर में रीढ़ अर्थात स्पाइन इस तर्क का सबसे अच्छा उदाहरण है। हमारी कशेरुक स्तंभ यानी वर्टिब्रल कॉलम का विकास चार पैरों वाले, पेड़ों पर रहने वाले पूर्वजों से हुआ, जहां इसका मुख्य कार्य लचीलेपन के साथ शाखाओं के बीच चलना और स्पाइनल कॉर्ड की रक्षा करना था। जब मनुष्य सीधा चलने लगा, तो रीढ़ को शरीर का वजन संभालने और संतुलन बनाए रखने की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली तथा उस पर दबाव बढ़ा। रीढ़ का लचीलापन वजन को संतुलित करने में मदद करता है, लेकिन इससे कमर दर्द, डिस्क खिसकने और अन्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ता है। ये समस्याएं इसलिए आम हैं क्योंकि रीढ़ वह काम कर रही है,



## संक्षेप

### प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन

**113 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, विशेष प्रशिक्षण के बाद अयोध्या जाएंगे**

अमेठी , 29वीं यूपी प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित इस चयन/ट्रायल कार्यक्रम में कुल 113 बालक एवं बालिकाओं ने हिस्सा लिया। यह चयन अमेठी के जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में संपन्न हुआ।चयन प्रक्रिया दो विधाओं—एयर पिस्टल और एयर राइफल—में आयोजित की गई। ट्रायल में 88 बालकों और 25 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चयनित खिलाड़ी विशेष प्रशिक्षण के बाद अयोध्या में होने वाली चैंपियनशिप में भाग लेंगे। एयर पिस्टल प्रतियोगिता में बालक वर्ग से शिवाकांत तिवारी, प्रमोद कुमार, युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, अखंड प्रताप सिंह, अनुराग सिंह, शाश्वत सिंह और अभ्युदय सिंह का चयन हुआ। बालिका वर्ग से भार्गवी सिंह ने जगह बनाई।इसी प्रकार, एयर राइफल विधा में बालक वर्ग से जोखन सिंह, अमित तिवारी, मनुअर खान, असहर और विकास यादव का चयन किया गया। बालिका वर्ग में सबा बानो, नीतू, साक्षी, सौम्या शर्मा, जानकी चौहान और शैलजा सिंह ने सफलता हासिल की।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह, उपजिलाधिकारी नितेश राज, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रुचि सिंह, उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद और मुसर्फ खान सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।चयनित खिलाड़ियों को 12 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम स्थित नवनिर्मित शूटिंग रेंज में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके उपरांत, जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में अमेठी की टीम 29वीं यूपी प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में प्रतिभाग करने के लिए अयोध्या रवाना होगी।

### आईजी ने अमेठी कोतवाली का निरीक्षण किया

**थानों में लंबित विवेचनाएं जल्द पूरी करने का दिया निर्देश, मॉनिटरिंग की जा रही**

अमेठी , अयोध्या रेंज के आईजी सोमेन वर्मा ने मंगलवार को अमेठी का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन और अमेठी कोतवाली का निरीक्षण किया। आईजी ने लंबित विवेचनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।अमेठी कोतवाली में आईजी वर्मा ने लंबित पड़ी विवेचनाओं, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस और महिला हेल्प डेस्क का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के बाद आईजी जिला मुख्यालय गौरीगंज के लिए रवाना हो गए।दौरे की शुरूआत में आईजी सोमेन वर्मा पुलिस लाइन पहुंचे। यहां उन्होंने सभी शाखाओं का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उनका काफिला अमेठी कोतवाली पहुंचा, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।निरीक्षण के बाद आईजी सोमेन वर्मा ने बताया कि यह वार्षिक निरीक्षण था। उन्होंने कहा कि थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है और उन्हें और बेहतर बनाने पर चर्चा हुई।

## बाघ व तेंदुओं के हो रहे लगातार हमले से दहशत के साए में ग्रामीण

### गन्ने के बाद गेहूं और मक्के के खेत भी बन रहे वन्य जीवों के ठिकाने

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर बहराइच। 551 वर्ग किलोमीटर में फैले कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र मे बाघ तेंदुआ हाथी चीतल हिरण बारह सिंघा भेड़िया सियार उड़न गिलहरी समेत तमाम दुर्लभ वन्य जीव पाए जाते हैं।इन दुर्लभ वन्य जीवों को देखने के लिए दूर दराज से लोग भी आते हैं अब यही जंगल और वन्य जीव स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत बन रहे हैं।बाघ व तेंदुओं के लगातार हो रहे हमले से जंगल के आसपास व उससे सटे गांव के लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है लोग खेतों में लगी फसल काटने से भी कतराने लगे हैं वहीं बच्चों का घर से निकलना भी दुश्वार हो गया ऐसे में लोग घरों में कैद होकर दहशत के साए में जीवन जीने को मजबूर है लाख कोशिश के बाद भी वन विभाग वन्यजीवों के हमलों को रोक पाने में विफल साबित हो रहा है। वन्य जीवों की बढ़ती संख्या और प्राकृतिक वास का काम होना मानव वन जीव संघर्ष को बढ़ावा दे रहा है। जंगल के बाहर निकलकर अब तक गन्ने की खेती को वन्य जीव अपना वास बना रहे थे वहीं गन्ना कटाई के बाद मक्का और गेहूं की फसल भी वन्यजीवों के वास स्थल के रूप में काम आ रही है। पिछले हफ्ते शुरू हुए गेहूं कटाई तथा मक्के की फसल की निगरानी कर रहे किसानों पर कई स्थानों पर हमले हो चुके हैं जिसमें घायल हुए लोग जिंदगी मौत से लड़ते हुए अस्पताल में भर्ती है। वर्तमान में सुजौली मुर्तिहा ककरहा मोतीपुर में सबसे अधिक वन्यजीवों के हमले में लोग घायल हुए हैं। इन हमलों को रोकने के लिए वन विभाग जहां लगातार वन कर्मियों की मौजूदगी और गस्त का दावा करता है वहीं ग्रामीण इन दावों को खारिज करते हुए कहते हैं कि जब कोई जन हानी या बड़ा हमला हो जाता है तब जाकर वन विभाग सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंचता है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब घटना घट जाती है तब वन विभाग वाले आते हैं और इससे पहले जब कोई भी वन्य जीव देखने की सूचना वन विभाग को दी जाती है तो उसको वह नजर अंदाज करते हैं। वही हाल ही में हुई कुछ घटनाओं का जिक्र भी किया जा रहा है जिसमें 3 अप्रैल को ककरहा रेंज में तेंदुए के हमले में करन( 15 ) घायल।

7 अप्रैल को मोतीपुर रेंज के कतरनिया के टांडपुरवा निवासी राजा बाबू ( 10 )घायल।

11 अप्रैल को मोतीपुर के दौलतपुर में असलम 25 वर्ष रमीम अहमद 28 वर्ष घायल।

11 अप्रैल को ही ककरहा रेंज के उर्रा सिंगहिया में राजकुमारी 55 वर्ष ,आरती 14 वर्ष घायल हो गए हैं।इसके साथ ही लगातार वन्य जीव का हमला हो रहा है लोग खेती किसानी के साथ ही मजदूरी करने में भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि वन्य जीव की गतिविधियों वाले क्षेत्र में वन कर्मी गस्त कर रहे हैं और ग्रामीणों को जंगल न जाने के साथ ही सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

## झाला गांव में आग लगने से 12 घर जलकर हुए राख

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत झाला में दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग से 12 घर जलकर राख हो गए। इस आगजनी में एक बाइक जल गई तथा तीन बकरियां जिंदा जलकर मर गई वहीं गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया । सूचना पाकर मौके पर मोतीपुर पुलिस तथा तहसील प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे।



थाना मोतीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत झाला में दोपहर 3 बजे के आसपास अज्ञात कारणों से आग लग गई आग लगने के बाद एक के बाद एक घरों में बढ़ते बढ़ते आग ने 12 घरों को अपने आगोश में ले लिया जिससे घरों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वही दो घरों में रखे गैस सिलेंडर भी आग की चपेट में आकर तेज धमाके के साथ फट गए गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई वहीं बकरी खोलते समय देवतादीन आग की चपेट में आकर झुलस गए जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा हो रहा है। आगजनी में देवतादीन, पेशकार ,छेदी, अखिलेश, रामावती ,सय्यार, राजेंद्र ,हरिश्चंद्र ,मनोहर रामकिशन, राकेश ,सूबेदार आदि के घर जलकर राख हो गये।सूचना पाकर थाना प्रभारी मोतीपुर आनंद चौरसिया दल बल के साथ मौके पर पहुंचे वहीं फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की घटना की जानकारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ध्रुव आर्या ने तहसील के अधिकारियों को दी,तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच कर मुआइना किया और छति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की है।

## प्रभात सिंह के निधन पर शोक जताने पहुंचे पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह

अमन लेखनी समाचार / सिराज अली कादरी



कैसरगंज, बहराइच। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह प्रभात सिंह के असामयिक निधन के पश्चात आज कैसरगंज क्षेत्र के ग्राम लदौर स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचे, जहां उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया।इस दौरान पूर्व सांसद ने दिवंगत प्रभात सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि प्रभात सिंह एक मिलनसार, सरल एवं समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे पूरी तरह से उनके साथ खड़े हैं और हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। साथ ही उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मौके पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग, शुभचिंतक एवं ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रभात सिंह के निधन से पूरे कैसरगंज क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने उनके सरल स्वभाव, सामाजिक सक्रियता और मिलनसार व्यवहार को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष्य में स्पार्क कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार समाज कल्याण विभाग असीम अरूण के निर्देश पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 136वीं जन्म-जयन्ती के अवसर पर स्पार्क कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड नर्सिंग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के शिक्षण स्टाफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ. अभिलाषा वर्मा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में किये गये कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं द्वारा बाबा साहब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान की विशेषताओं, उसकी एकता और अखंडता बनाए रखने में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सहायक प्रबंधक देव व्रत शर्मा ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में जला अहाता , मवेशी की मौत

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरनपुरवा गांव में आज सोमवार दोपहर को अज्ञात कारणों से लगी आग में गरीब का जला अहाता , एक मवेशी की जलकर हुई दर्दनाक मौत।खबर है कि जिले के खैरीघाट थाना अंतर्गत ग्रामपंचायत दलजीतपुरवा के मजरा अहिरन पुरवा गांव निवासी जवाहर पुत्र रामखेलावन यादव के घर के पास बने अहाते में सोमवार को उस समय आग लग गई जब घर के सभी परिजन खेतों में काम कर रहे थे। ग्रामीणों ने आग की लपटे देखा तो शोरगुल कर दौड़ लिए। देखते ही आग ने पूरे अहाते को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया। वहीं अग्नि पीड़ित के अहाते में रखा सामान व एक मवेशी



की भी बुरी तरह झुलसने से मौत हो गई है। वहीं संबंधित लेखपाल ने बताया है कि अग्निकांड में हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी गई है। जल्द ही मुआवजा राशि दिलाई जाएगी।

## चलते ग्राम स्तर पर विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

**ब्लॉक मुख्यालय शिवपुर में दर्जनों ग्राम प्रधानों ने सीएम के नाम बीडीओ को सोपा ज्ञापन**

**चुनाव में देरी पर प्रधानों का विरोध, प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने की मांग**

अमन लेखनी समाचार




शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय पर सोमवार दोपहर पंचायत विकास मंच के बैनर तले दो दर्जन से अधिक ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पंचायत चुनाव में हो रही देरी पर गहरी चिंता जताई।

प्रधानों ने मांग की कि यदि निर्धारित समय पर पंचायत चुनाव नहीं कराए जाते हैं, तो वर्तमान निर्वाचित ग्राम प्रधानों को ही सहायक या प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जाए, ताकि पंचायतों के विकास कार्य बाधित न हों। उन्होंने कहा कि चुनाव में देरी के चलते ग्राम स्तर पर विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

इस दौरान प्रधानों ने मनरेगा योजना के अंतर्गत लंबित श्रमांश एवं सामग्री का शीघ्र भुगतान कराने की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि भुगतान में देरी से मजदूरों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रधानों ने यह भी बताया कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू है, जिसे उत्तर प्रदेश में भी लागू किया जाना चाहिए।ज्ञापन सौंपने वालों में पंचायत विकास मंच के जिलाध्यक्ष भगवानदीन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष कमला प्रसाद वर्मा, गुलाम वारिस, सूर्य प्रकाश सिंह उर्फ बुल्लू, संजेश वर्मा, अर्पित कुमार यज्ञसैनी, आनंद कुमार, राम दुलारे, अजय कुमार सहित दर्जनों ग्राम प्रधानगण मौजूद रहे। वहीं खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने ग्राम प्रधानों की पीड़ा को सम्बंधित उच्चाधिकारियों के समक्ष रखने की सहमति जताई है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग से लगभग दो बीघा गेहूं व टावर पर रक्खा छप्पर जल कर हुआ खाक



अमन लेखनी समाचार

फखपुर, बहराइच। थाना बौंडी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा नंदवल मे सोमवार दोपहर टेलीफोन टावर पर शार्ट सर्किट से लगी आग से वही पर घूरे पुत्र ननकऊ का छप्पर व शुभकरण यादव पुत्र बच्चू लाल यादव की लगभग दो बीघे गेहूँ की फसल जलकर खाक हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बड़ी मसक्कत से आग पर काबू पाया। कोई जानि हानि नहीं हुई है। खबर लिखे जाने तक कोई प्रशासन के लोग मौके पर नही पहुंचे थे।

## नगर पंचायत रुपईडीहा के नवीन नगर पंचायत कार्यालय में जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। नवीन नगर पंचायत कार्यालय रूपईडीहा में आगामी जनगणना को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत रुपईडीहा के अधिशासी अधिकारी राम बदन यादव ने की, जिसमें नव नियुक्त कर्मियों एवं संबंधित कर्मचारियों को जनगणना कार्य के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर की गई। इसके पश्चात उन्होंने जनगणना के महत्व, प्रक्रिया, उद्देश्य एवं इसके सफल क्रियान्वयन में कर्मचारियों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है, इसलिए इसमें शुद्धता एवं पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है।श्री यादव ने प्रशिक्षण के दौरान घर-घर सर्वेक्षण की विधि, डेटा संकलन के तरीके, निर्धारित प्रपत्रों को सही ढंग से भरने, डिजिटल माध्यमों के उपयोग तथा गोपनीयता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि जनगणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर उपस्थित कर्मियों ने भी अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका अधिशासी अधिकारी द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं प्रभावी तरीके से पूरा करने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम में नगर पंचायत के कर्मचारीगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 2 करोड़ की स्मैक जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

### ऑपरेशन चक्रव्यूह में फंसे, कार, मोबाइल और 12 एटीएम कार्ड बरामद

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , पुलिस को 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने झारखंड के दो शातिर स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब दो करोड़ रुपये से अधिक की स्मैक, एक कार, दो मोबाइल फोन, विभिन्न बैंकों के 12 एटीएम कार्ड और लगभग 5000 रुपये नकद बरामद हुए हैं।यह घटना मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर हुई। दोपहर में चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाराणसी से लखनऊ की ओर जा रही एक संदिग्ध कार को रोकने का इशारा किया। कार सवारों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अजीत गुप्ता (27 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय नरेश गुप्ता, निवासी नावाडीह, थाना पथलगड़हा, जिला चतरा, झारखंड और सोनू कुमार साहू (30 वर्ष), पुत्र रामचंद्र साहू, निवासी सजवी जोरी, थाना वशिष्ठ नगर, जिला चतरा, झारखंड के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान कार से लगभग 1 किलो 250 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके अतिरिक्त, दो मोबाइल फोन, 12 अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट और डेबिट कार्ड तथा 4750 रुपये नकद भी मिले हैं। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वे झारखंड से स्मैक खरीदकर उत्तर प्रदेश के बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली और अमेठी जैसे जिलों में बेचते थे। उन्होंने बताया कि आज वे बरेली की एक पार्टी को स्मैक देने के लिए रायबरेली जा रहे थे। स्मैक होने के कारण वे मुख्य सड़क के बजाय सिंगल रोड का इस्तेमाल कर रहे थे। स्मैक लाने-ले जाने के लिए वे बरामद कार का ही उपयोग करते थे। पुलिस अब पकड़े गए अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी उनके मूल निवास के थाने से प्राप्त कर रही है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में मकान अहाता नगदी सहित गृहस्थी हुई राख

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत चमारनपुरवा में अज्ञात कारणों से लगी आग, तीन मकान व पशु शेड राख, नगदी सहित गृहस्थी जली। खबर है कि खैरीघाट थाना क्षेत्र के बल्दूपुरवा ग्राम पंचायत के चमारन पुरवा में सोमवार सुबह करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। आग ने तीन मकानों और एक पशु शेड को अपनी चपेट में लेकर पूरी तरह जलाकर राख कर दिया।इस हादसे में अमिरका, मुनेश्वर और राम नरेश के घरों का सारा सामान व खाद्यान्न नष्ट हो गया। अमिरका के लगभग 30 हजार रुपये नकद व इंजन सेट, जबकि राम नरेश के करीब 20 हजार रुपये भी आग में जल गए।घटना के समय परिवारजन खेतों में होने के कारण आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई।लेखपाल राकेश कुमार ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जा रही है। जल्द ही शासन द्वारा देय सहायता राशि पीड़ितों को उपलब्ध करवाई जाएगी।

## नगर पंचायत पृथ्वीगंज प्रतिनिधि संजय सरोज समेत तीन पर केस

### व्यापारी से रंगदारी, मारपीट का आरोप, फुटेज आया सामने

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,कोतवाली देहात क्षेत्र में रंगदारी और मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। पृथ्वीगंज नगर पंचायत प्रतिनिधि संजय सरोज समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पीड़ित व्यापारी अमन गुप्ता की शिकायत पर की गई है।पीड़ित अमन गुप्ता ने अपनी तहरीर में बताया कि की रात करीब 9 बजे करीब वह फल लेने पृथ्वीगंज बाजार गए थे।इसी दौरान सुरेंद्र सरोज उर्फ नागा, नौरंगी सरोज और संजय सरोज ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अमन गुप्ता के साथ मारपीट शुरू कर दी। अमन गुप्ता के अनुसार, जब उन्होंने मारपीट का विरोध किया तो आरोपियों ने उनसे



रंगदारी की मांग की। उन्होंने धमकी दी कि यदि पैसा नहीं दिया तो उन्हें और उनके परिवार को एससी/एसटी एक्ट में फंसाकर बर्बाद कर देंगे। आरोपियों ने अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए पुलिस से सांठगांठ की भी धमकी दी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फुटेज में मारपीट की घटना कैद होने की बात कही जा रही है।पीड़ित ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर आशंका जताई है। कोतवाली देहात पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है

## संक्षेप

### भाई की प्रताड़ना से तंग बहनें एसपी दफ्तर पहुंचीं

**बागपत में सुरक्षा की गुहार लगाई, अधिकारियों ने जांच के निर्देश दिए**

बागपत , जनपद में महिला सुरक्षा से जुड़ा एक मामला सामने आया है। जैनपुर निवासी आसमीन, सनिया और सोनम (पुत्रीगण मांगा), जो अब बुढाट्दा ट्यांडी में रहती हैं, अपने भाई के खिलाफ शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका भाई उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है ।पीड़ित बहनों ने बताया कि भाई के लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर वे अपनी बड़ी बहन के घर ट्यांडी में रहने लगी थीं।हालांकि, उनका भाई वहां भी पहुंच गया और उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगा।इससे उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा बना हुआ है और वे मानसिक रूप से भी परेशान हैं। बहनों ने एसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी भाई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि उन्हें हर समय डर बना रहता है और वे सुरक्षित माहौल में जीवन जीना चाहती हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए, अधिकारियों ने शिकायत का संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित थाने को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित बहनों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया गया है ।कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### समस्या समाधान दिवस, सीओ-थाना प्रभारी ने सुनीं शिकायतें

**राजस्व व भूमि विवादों सहित कई मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए**

बागपत ,जनपद के थाना परिसर में शनिवार को समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी विजय चौधरी और थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कई शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश राजस्व और जमीन संबंधी विवादों से संबंधित थीं। अधिकारियों ने मौके पर आई दो प्रमुख राजस्व समस्याओं का तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित विभाग के कर्मचारियों को जांच कर जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर पुलिस और राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम भी मौजूद थी, ताकि समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### ई-रिक्शा चालक का शव नाले में मिला

**संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी**

मेरठ , लोहियानगर थाना क्षेत्र में शनिवार को काली नदी नाले से एक ई-रिक्शा चालक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान 50 वर्षीय जोहरी उर्फ टिन्नी के रूप में हुई है, जो मूलरूप से भावनपुर थाना क्षेत्र के दतावली गांव का निवासी था और वर्तमान में अशोक विहार में रह रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शनिवार सुबह करीब 8 बजे काजीपुर पुल के पास राहगीरों ने नाले में शव देखा, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही लोहियानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# निष्प्रयोज्य बिल्डिंग में शिक्षा ग्रहण कर रहे नन्हे मुन्ने बच्चे

## ग्राम प्रधान ने जर्जर विद्यालय के पुनर्निर्माण के लिए डीएम से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकंदरपुर ग्राम प्रधान महदेइया ने गांव के प्राथमिक विद्यालय की दुर्दशा पर सुधार न होते देख जिलाधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा ग्राम प्रधान ने प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं गांव के पूर्व प्रधान अरविंद सिंह , रामदयाल एवं अन्य दर्जनों ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए प्राथमिक विद्यालय की जर्जर हो चुकी इमारत के पुनर्निर्माण की मांग की पीड़ित ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को दुख दर्द सुनाते हुए बताया कि विद्यालय की इमारत पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसकी जांच के उपरांत इमारत को निष्प्रयोजक घोषित किया जा चुका है इसके बाद भी जर्जर छत के नीचे निरंतर बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं




पूर्व काल में लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई जांच में यह इमारत पूर्ण रूप से निष्क्रिय घोषित कर दी गई थी वहीं ऐसी स्थिति में छोटे-छोटे बच्चे बिल्डिंग के नीचे बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिसमें किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घट सकती है जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रार्थना पत्र को स्वीकृत करते हुए जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने के लिए आश्वासन दिया ।

# 16 मार्च से गायब हुई नाबालिग युवती की प्रशासन ने की खोजबीन

## आरोपी युवक के साथ सरकारी बस स्टैंड से हुई बरामद

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला




फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्ष की युवती विगत 16 मार्च की रात अचानक घर से गायब हो गई जहां परिजनों को सूचना मिली की नाबालिक युवती को 20 वर्षीय युवक सोहन पुत्र कैलाश उर्फ भोला निवासी जलालपुर थाना सट्टी शाहजहांपुर जनपद कानपुर देहात बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया है जिसकी शिकायत पीड़ित के पिता ने नजदीकी थाना जहानाबाद में की थी लगभग डेढ़ पखवाड़े की कड़ी मसक्कत के बाद प्रशासन ने आखिर कामयाबी पा ही ली बिगत दिवस कल सोमवार को जहानाबाद बस स्टैंड के समीप गस्त के दौरान एक मुखबिर की सूचना के आधार पर रोडवेज बस स्टैंड के अंदर पीपल के समीप नाबालिक युवती समेत एक युवक को प्रशासन ने धर दबोचा जानकारी लेने पर आरोपी ने अपना नाम सोहन पुत्र कैलाश निवासी ग्राम जलालपुर बताया तथा आरोपी ने बताया कि युवती से उसकी काफी समय पहले से पहचान थी तथा वह न्यायालय द्वारा विवाह करने की योजना बनाकर कुछ समय के लिए बाहर जा रहे थे वहीं वाहन का इंतजार करते हुए पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया मिशन में मौजूद महिला उपनिरीक्षक प्रीती सिंह उपनिरीक्षक विकास कनौजिया तथा महिला आरक्षी विमला आदि ने दोनों को हिरासत में लिया तथा थाने ले गए थाने में मौजूद थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने आरोपी सोहन को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कार्रवाई की वही नाबालिक युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया ।

# सैलून संचालक का शव जंगल में मिला

**डंडा-चप्पल बरामद, हत्या की आशंका; पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , जंगल में सुबह एक सैलून संचालक का शव चारपाई पर मिलने से सनसनी फैल गई। युवक दोपहर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन ग्रामीणों ने जंगल में उसका शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है ।घटनास्थल से डंडा और चप्पल मिलने से मामला संदिग्ध माना जा रहा है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि, शरीर पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होने की बात कही है। यह मामला किठौर थाना क्षेत्र के गांव नंगली के जंगल का है ।यहां पर सुबह एक सैलून संचालक का शव चारपाई पर मिला ।मृतक की पहचान 25 वर्षीय बिट्टू के रूप में हुई है, जो गांव में ही सैलून चलाता था। घटना



की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार बिट्टू शुक्रवार दोपहर जंगल की ओर गया था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला ।शनिवार सुबह जब कुछ ग्रामीण जंगल की ओर गए, तो उन्होंने एक चारपाई पर बिट्टू का शव पड़ा देखा।

इसके बाद तुरंत गांव और पुलिस को सूचना दी गई।

# सीसीएसयू की फेयरवेल पार्टी में छात्रा पर हमला

## एंट्री को लेकर दो छात्राओं में लड़ाई, बाद में माफी पर हुआ समझौता

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के बीबीए डिपार्टमेंट में फेयरवेल पार्टी के दौरान दो छात्राओं के बीच विवाद हो गया ।एंट्री को लेकर हुए झगड़े में एक छात्रा ने दूसरी छात्रा पर पेन से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। मामला प्रोक्टोरियल बोर्ड तक पहुंचा, जहां दोनों पक्षों से बातचीत की गई ।सीसीएसयू कैंपस के बीबीए डिपार्टमेंट में थर्ड ईयर की फेयरवेल पार्टी आयोजित थी। कार्यक्रम शुरू होने से पहले गेट पर मौजूद छात्राओं और कुछ अन्य छात्राओं के बीच अंदर जाने को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि इसी दौरान एक छात्रा ने दूसरी पर पेन से हमला कर दिया। छात्रा के घायल होने से मचा हड़कंप घायल छात्रा एक किसान नेता की रिश्तेदार बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कैंपस में छात्रों की भीड़ जुट गई। डिपार्टमेंट के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को



प्रॉक्टर ऑफिस ले जाया गया। वहीं, विभाग में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी शुरू कर दी गई। पैसे जमा करने के बाद भी रोका गया पीड़ित छात्रा का आरोप है कि फेयरवेल पार्टी के लिए सभी से पैसे जमा कराए गए थे। जब वह कार्यक्रम में पहुंची तो गेट पर रोककर पैसे वापस दे दिए गए। इसी बात पर विवाद बढ़ा और आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए। इसी दौरान पेन से हमला करने की बात सामने आई। दोनों पक्षों ने लगाए आरोप प्रॉक्टर ऑफिस में दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत की गई। घायल छात्रा ने गाली-गलौज, जातिसूचक शब्द कहने और हमला करने का आरोप लगाया, जबकि दूसरी छात्रा ने जान से मारने की धमकी देने की बात कही। मामले में जांच कमेटी बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई। माफी के बाद हुआ समझौता करीब दो घंटे तक प्रॉक्टर ऑफिस में बातचीत चलती रही।

# शॉर्ट सर्किट से झुग्गियों में आग

**महिला ने भागकर बचाई जान, बिजली घर भी चपेट में आया**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , मेडिकल थाना क्षेत्र में संत विवेकानंद स्कूल पुल के पास सड़क किनारे बनी झुग्गियों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में उसकी लपटें ऊंची उठने लगीं, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुल के पास मुनिया कश्यप नामक एक बुजुर्ग महिला की झुग्गी के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे झुग्गी में आग लग गई, जो तेजी से आसपास की अन्य झुग्गियों तक फैल गई। आग की भयावहता इतनी थी कि पास स्थित बिजली घर भी उसकी चपेट में आ गया। इस घटना के कारण पीवीएस की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने लगभग एक घंटे की



कड़ी मशक्कत के बाद आग पर सफलतापूर्वक काबू पाया। सौभाग्य से, आग लगने से पहले ही बुजुर्ग महिला मुनिया कश्यप अपनी झुग्गी से सुरक्षित बाहर निकल आईं, जिससे किसी बड़े जानमाल के नुकसान से बचा जा सका। यूनिवर्सिटी जा रहे छात्र नेता विनीत चपराना ने भी तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को घटना की सूचना दी, जिससे राहत कार्य शीघ्रता से शुरू हो सके। आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है, हालांकि प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को ही इसका मुख्य कारण माना जा रहा है।

# हाउस शुल्क बढ़ोतरी का फैसला वापस

## पार्षदों ने किया था विरोध, बोर्ड बैठक में लिया गया निर्णय

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद ,लंबे समय से हाउस टैक्स में भारी बढ़ोतरी को लेकर चल रहे विरोध के बीच आखिरकार नगर निगम ने जनता को बड़ी राहत दी है। बढ़े हुए टैक्स को वापस लेते हुए अब सिर्फ 10 से 15 प्रतिशत तक ही वृद्धि करने का फैसला लिया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक, महापौर सुनीता दयाल और भाजपा विधायक अजीतपाल त्यागी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निगम का विकास जरूरी है, लेकिन जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा।



### पहले दोगुना बढ़ोतरी की गई थी

अब तक हाउस टैक्स में करीब दोगुना या पौने दो गुना तक बढ़ोतरी हो रही थी, जिससे लोगों में नाराजगी थी। नए फैसले के तहत अब इसे घटाकर 10-15% कर दिया गया है। यदि कोई सभी छूट का लाभ लेता है तो यह बढ़ोतरी करीब 12% तक ही रह जाएगी। कुछ मामलों में तो बढ़ोतरी 2% तक सीमित रहेगी ।बोर्ड बैठक में भी उठा था मुद्दाहाउस टैक्स बढ़ोतरी का मुद्दा नगर निगम की बोर्ड बैठक में भी जोर-शोर से उठा था। पिछले कुछ समय से सामाजिक, व्यापारिक संगठनों, पार्षदों और स्थानीय निवासियों ने इसका विरोध किया था। कई जगह प्रदर्शन भी हुए थे। टैक्स बढ़ने से लोगों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ रहा था। अब शासन के इस फैसले से शहर के लाखों परिवारों को सीधी राहत मिलेगी। जनप्रतिनिधियों ने इसे जनता की जीत बताया है ।सीएम के संज्ञान के बाद फैसलानगर आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री ने मामले का संज्ञान लिया, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। पिछले दो साल में जिन्होंने अधिक टैक्स जमा किया है, उनका अगले दो साल में समायोजन किया जाएगा।

# बेटी की लाश के साथ 4 महीने रहा पिता

## परफ्यूम डालकर बदबू मिटाता था, पैर छोड़कर पूरी बॉडी कंकाल बन चुकी थी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , एक पिता बेटी की लाश के साथ 4 महीने तक घर में रहा। लाश बुरी तरह से सड़ चुकी थी। बेटी टीचर थी, उसके साथ रहने की जिद में पिता उससे अलग नहीं होना चाहता था। वह लाश की बदबू छिपाने के उस पर परफ्यूम स्प्रे करता रहा। लड़की की पूरी बॉडी कंकाल बन चुकी थी, सिर्फ पैर ही बचा था। घटना का पता उस समय चला जब घर पर रिश्तेदार पहुंचे। बदबू आने पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के एक कमरे से लाश बरामद की। बॉडी की हालत इतनी बदतर हो चुकी थी कि रिश्तेदार से लेकर पुलिस वाले और पड़ोसी उसे देख नहीं पा रहे थे। मामला सदर बाजार के तेली मोहल्ले का है। अब पूरा मामला विस्तार सेङ्क मूलरूप से बंगाल के रहने वाले उदय भानु बिस्वास (76) काशी में शिक्षा विभाग में कार्यरत थे। बोर्ड ऑफिस में



प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात थे। 2010 में रिटायर हुए थे। सदर के तेली मोहल्ले में खुद का छोटा-सा 2 कमरों का मकान है। अपनी बेटी प्रियंका बिस्वास (35) के साथ रहते हैं। पत्नी शर्मिष्ठा (59) की 13 साल पहले मौत हो चुकी है पतली सी गली में खुद का छोटा-सा मकान है। पड़ोस में कुछ रिश्तेदार रहते हैं, लेकिन उदय भानु किसी से न मिलते थे और न ही बेटी को मिलने देते थे। 1 दिसंबर 2025 को प्रियंका की बीमारी की वजह से मौत हो गई। अगले 5 दिन तक उदय भानु शव के साथ घर में ही रहा। दुर्गंध छिपाने के लिए परफ्यूम डालता रहा। फिर घर में कूड़ा भरकर शव अंदर ही छोड़ दिया और देहरादून चला गया। रिश्तेदारों ने फोन किए तो बताया कि वह देहरादून में है। कुछ दिन पहले ही वापस लौटा, लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगने दी। इस बीच, शुक्रवार देर शाम कुछ रिश्तेदार उदय भानु के घर पहुंचे। रिश्तेदारों ने घर में जैसे ही एंट्री की तो वहां उठ रही दुर्गंध से सभी दूर भाग खड़े हुए। अंदर जाकर देखा तो एक कमरे में सड़ा हुआ युवती का शव मिला रिश्तेदारों ने घर में रहने वाले उदय भानु बिस्वास को पकड़ लिया। उनसे सख्ती से पूछताछ की। पता चला कि लाश किसी और की नहीं, बल्कि उदय भानु की बेटी प्रियंका की थी। प्रियंका बिस्वास प्राइवेट टीचर थी। वह कंप्यूटर सब्जेक्ट पढ़ाती थी। पिता उदय भानु बिस्वास लोगों से बताता था कि वह देहरादून में काम करता है। बेटी भी वही रहती थी। 5 महीने पहले मर चुकी थी प्रियंका रिश्तेदारों ने पुलिस को बताया कि प्रियंका की मौत का पिता उदय भानु ने किसी को पता नहीं चलने दिया। बेटी के शव को घर के अंदर ही रखा। रिश्तेदार जब अंदर पहुंचे तो देखा कि युवती का शव कंकाल में बदला हुआ है। केवल पैर ही दिखाई दे रहा है। 2013 में पत्नी ने किया था सुसाइड पूछताछ में उदय भानु की पत्नी शर्मिष्ठा की मौत की बात भी सामने आई।

# स्कॉर्पियो के चारों टायर चोरी

**घर के बाहर जैक पर खड़ी मिली गाड़ी, कुछ दिन पहले ही खरीदी थी**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा दादरी में एक स्कॉर्पियो गाड़ी के चारों टायर चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी को जैक पर खड़ा कर टायर चुरा लिए और फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।यह घटना दादरी थाना क्षेत्र के नई आबादी मोहल्ले की है। शहाबुद्दीन अंसारी ने कुछ दिन पहले ही एक नई स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदी थी। उन्होंने रात में अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह गाड़ी लेने आए, तो देखा कि गाड़ी के चारों टायर गायब थे और गाड़ी जैक पर खड़ी थी। अंसारी ने जब अपने घर के सीसीटीवी कैमरे चेक करने की कोशिश की, तो पाया कि कैमरे का तार कटा हुआ था। उन्होंने तुरंत इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। शहाबुद्दीन अंसारी ने बताया कि रात में गाड़ी सही सलामत खड़ी थी, लेकिन सुबह उसके चारों टायर गायब मिले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत दर्ज की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है

# 500 से अधिक कर्मचारी सड़क पर उतरे

## वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, कंपनियों में मांगा लिखित जवाब

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। एनएसइजेड मेट्रो और एलिवेटेड रैंप के पास 500 से ज्यादा कर्मचारी इकठ्ठा हुए। कर्मचारियों का कहना है- जब तक उनकी मांग को नहीं माना जाता और स्पष्ट रूप से कंपनियां उन्हें लिखित में जवाब नहीं देंगी प्रदर्शन जारी रहेगा। इसके चलते कुलेसरा से ग्रेटर नोएडा की ओर से जाने वाला मार्ग बाधित रहा। मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। फेज-2 क्षेत्र स्थित ऋचा ग्लोबल, रेनबो, पैरामाउंट, एसएनडी और अनुभव समेत छह कंपनियों के कर्मचारी बीते दो दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। शुरू हुए प्रदर्शन में लगातार भीड़ रही है। प्रदर्शनकारियों में सिर्फ पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी शामिल रहीं। सुबह सड़क जाम की तो पुलिस शांत कराके उन्हें एक पार्क में ले गई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने हुंकार भरी और दादरी-सूरजपुर रोड पर ट्रैफिक रोक दिया। श्रमायुक्त की अपील, अफवाहों पर ध्यान नहीं देश्रमायुक्त उप्र ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए



कहा- पिछले कुछ दिनों से नोएडा सहित प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के संबंध में अफवाहें, भ्रामक सूचनाएं व फर्जी समाचार प्रसारित किए जा रहे हैं ।इनका उद्देश्य अनावश्यक भ्रम एवं अस्थिरता उत्पन्न करना है। आप सभी से स्पष्ट रूप से अपील है कि कृपया किसी भी प्रकार की अफवाहों या अपुष्ट सूचनाओं से प्रभावित न हों और उन्हें आगे न बढ़ाएं ।उत्तर प्रदेश सरकार आपके हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी श्रमिक के अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगा।

# नोएडा में छह साल की बच्ची से रेप

## आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, खाने-पीने की चीज दिलाने के बहाने ले गया

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सेक्टर 113 थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली छह साल की बच्ची से रेप करने का मामला सामने आया है। परिजन ने आरोपी किशोर के खिलाफ नाबालिग से रेप, धमकी देने और पाक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। सेक्टर 113 थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली व्यक्ति की छह साल की बेटी है। दंपती मेहनत मजदूरी करते हैं। गांव में उनके घर से 100 मीटर की दूरी पर एक विशेष समुदाय का 16 साल का किशोर रहता है। बुधवार को दंपती काम पर गए थे और बेटी घर पर अकेली थी। बच्ची दोपहर



दो बजे गली में खेल रही थी। इसी बीच किशोर आया और बच्ची को खाने-पीने की चीज दिलाने के बहाने घर ले गया। वहां पर ले जाकर मुंह दबाकर जबरन गलत काम किया। करीब तीन बजे बच्ची रोते हुए घर पहुंची। गीले कपड़े देखकर संदेह हुआ। मां ने रोने का कारण पूछा तो बच्ची ने आपबीती सुनाई। जानकारी होने पर बच्च्ची के पिता ने सेक्टर 113 थाने में मुकदमा दर्ज कराया। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि पीड़ित परिजन की शिकायत पर किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोपी को पकड़ लिया गया है।

## पीड़िता की फरियाद पर कार्रवाई न होने का आरोप, एसडीएम के आदेश की अवहेलना

अमन लेखनी समाचार

मऊरानीपुर (झांसी)। मोहल्ला शिवगंज निवासी एक महिला ने थाना पुलिस पर शिकायत न सुनने एवं उपजिलाधिकारी के आदेश की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता शाहीन अशर्फी के अनुसार, उनके पड़ोसी द्वारा विवादित भूमि पर मकान निर्माण कराया जा रहा है, जबकि उक्त जमीन पर पूर्व में न्यायालय द्वारा निर्माण पर रोक लगाई गई है और मामला विचाराधीन है। आरोप है कि जब महिला निर्माण कार्य रुकवाने पहुंची तो संबंधित व्यक्ति एवं उसके दो बेटों ने गाली-गलौज की। इसके बाद पीड़िता स्थानीय चौकी पहुंची, जहां पुलिसकर्मियों ने रोक संबंधी आदेश प्रस्तुत करने को कहा। महिला कचहरी से आदेश की प्रति लेकर उपजिलाधिकारी के पास पहुंची, जहां जांच उपरांत यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश थाना पुलिस को दिए गए। पीड़िता का आरोप है कि आदेश लेकर थाने पहुंचने पर भी थाना प्रभारी ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और उसे वापस भेज दिया। इस संबंध में पीड़िता ने न्याय की मांग की है। वहीं, प्रकरण में थाना पुलिस का पक्ष सामने नहीं आया है।

## गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई: 2.25 करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्क

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस प्रशासन को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के एक अभियुक्त की करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति को कुर्क किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 13 अप्रैल 2025 को थाना कोतवाली शहर पुलिस ने थाना सुरसा में पंजीकृत मुकदमा संख्या 179/25 धारा 3(1) गैंगस्टर अधिनियम से संबंधित अभियुक्त धीरज गुप्ता पुत्र संतोष कुमार गुप्ता, निवासी ग्राम कासिमपुर, थाना बघौली, जनपद हरदोई की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति पर कार्रवाई की। जिलाधिकारी हरदोई द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत अभियुक्त के दो मंजिला भवन को कुर्क किया गया।

## शांति, समता व भाईचारा– भगवान बुद्ध का संदेश - केशव प्रसाद मौर्य

### बौद्ध भिक्षुओं के शान्ति मार्च का केशव प्रसाद मौर्य ने किया अभिनंदन

### बुद्धम शरणम गच्छामि ही शांति का मार्ग

अमन लेखनी समाचार






लखनऊ । विश्व शांति के पावन संदेश के साथ बौद्ध भिक्षुओं एवं पूज्य भन्तेगणों द्वारा राजधानी लखनऊ में एक भव्य शांति मार्च का आयोजन किया गया। यह शांति मार्च डॉ. अम्बेडकर महासभा कार्यालय, विधानसभा मार्ग से प्रारंभ होकर हजरतगंज चौराहा होते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कैम्प कार्यालय, 7- कालिदास मार्ग तक निकाला गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय पर पधारे पूज्य भन्तेगणों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी भिक्षुओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा विश्व शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के इस पुनीत प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शाश्वत सत्य है कि शांति का एकमात्र मार्ग ह्लबुद्धम्शरणम्गच्छामिह्व है। उन्होंने कहा कि भारत की महान परंपरा सदैव शांति, समता और मानवता की रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कही गई यह बात कि ह्लभारत ने दुनिया को बुद्ध दिया है, युद्ध नहींह्व आज के वैश्विक परिदृश्य में और अधिक प्रासंगिक हो जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व के अनेक देश युद्ध और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं, ऐसे में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं मानवता के लिए आशा और मार्गदर्शन का आधार बन रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्लविश्व एक परिवार है और शांति हमारा सबसे बड़ा अस्त्र है ह्व उप मुख्यमंत्री ने सम्राट अशोक महान के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भगवान बुद्ध के उपदेशों को विश्वभर में फैलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने यह भी बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर उन्हें प्रतिनिधिमंडल के साथ भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों को रूस के काल्मिकिया ले जाने का अवसर प्राप्त हुआ, जहां लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर अपनी गहरी आस्था प्रकट की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार द्वारा ह्लविरासत और विकासह्व को साथ लेकर कार्य किया जा रहा है। जिस प्रकार काशी, मथुरा और अयोध्या जैसे धार्मिक स्थलों का व्यापक विकास किया जा रहा है, उसी प्रकार सारनाथ, संकिसा और कुशीनगर जैसे बौद्ध स्थलों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं और उनके सामाजिक समता एवं न्याय के विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश अम्बेदकर महासभा के अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बुद्ध विहारों के विकास हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शांति, प्रगति और उन्नति का मार्ग भगवान बुद्ध की शरण में ही निहित है। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के सदस्य भन्ते शीलरतन ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व शांति और करुणा के संदेश को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षुगण, पूज्य भन्तेगण, टी.डी. गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राएं एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## नेट जीरो विजन: सरोजनीनगर से हरित भविष्य की शुरूआत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने ह्लद ग्रीन शिफ्टह्व के तहत ह्यनेट जीरो इंडस्ट्रीह्न पहल का शुभारंभ करते हुए इसे #ठीईश्ङ्गरंश्ङ्गन्त्रल्लत्रठँश्2040 लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने का व्यावहारिक मॉडल है, जिसमें स्थानीय उद्योग और टरटए२ अहम भूमिका निभाएंगे। इस व्यापक योजना में पहले से नेट जीरो स्कूल-कॉलेज, सोसाइटी, टाउनशिप और गांव जैसे आयाम शामिल हैं। उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए ह्यग्रीन शिफ्ट इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस अवार्डह्न की घोषणा की गई है, जो 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) को ?5 लाख की पुरस्कार राशि के साथ दिया जाएगा। डॉ. सिंह ने बताया कि सरकार एऊ प्रमाणन, फअटढ योजना, उऋ्रळटरए ऋण सुविधा, ग्रीन फाइनेंस और ऊर्जा दक्ष तकनीकों के जरिए उद्योगों को सहयोग दे रही है। इस पहल से उद्योग सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्ष मशीनरी और हरित तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करना है, जो ग्रीन लखनऊ की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

## अपर निदेशक झांसी ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

बामौर, झांसी। जनपद झांसी के ब्लॉक बामौर अंतर्गत एरच एवं खड़ेनी में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण अपर निदेशक, झांसी मंडल डॉ. सुमन एवं संयुक्त निदेशक डॉ. आर.के. सोनी ने किया। इस दौरान पीएचसी प्रभारी डॉ. वैशाली शर्मा भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेले में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं एवं लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण, जांच, टीकाकरण तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि सभी सेवाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से संचालित की जाएं, जिससे अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ मिल सके। साथ ही लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान भारत योजना, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले में क्षेत्रीय जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अंत में अधिकारियों ने सफल आयोजन के लिए टीम की सराहना करते हुए सेवाओं में और सुधार के निर्देश दिए।

## सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने हाई कोर्ट इलाहाबाद में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर फर्जी जॉइनिंग लेटर थमाते हुए लाखों रुपए हड़पने के आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार कर सोमवार को उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर के कोऑपरेटिव सोसाइटी प्रीति विहार कॉलोनी निवासी ज्ञानेंद्र कुमार ने बीती 3 सितंबर 2025 को इलाहाबाद के बीबीपुर में रहने वाले राघवेंद्र सिंह उर्फ.नितिन के खिलाफ बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने डीसीपी दक्षिणी को पत्र देकर आरोप लगाया था कि नितिन ने उससे कहा था कि हाई कोर्ट में नौकरी निकल रही है और 10 लाख रुपए देने पर नियुक्ति हो जाएगी। इस पर पीड़ित ने अपने भाई उपेंद्र अग्निहोत्री के दस्तावेज और एक लाख रुपए नगद दिए। बाद में किस्तों में लगभग 8.45 लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किया। इसके बाद नितिन ने फर्जी जॉइनिंग लेटर दिया और प्रयागराज हाईकोर्ट बुलाकर कहा कि हड़ताल के कारण जॉइनिंग नहीं हो पा रही है। कुछ समय बाद उसने भर्ती रद्द होने की बात कह कर पैसा लौटाने का आश्वासन दिया। लेकिन बाद में अपना मोबाइल बंद कर लिया। जब पीड़ित इलाहाबाद स्थित आरोपी के घर पहुंचा तो पता चला कि राधवेन्द्र उर्फ नितिन फर्जी वाड़े के मामले में जेल जा चुका है। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि इसके बाद उसकी रकम वापस नहीं मिली। पुलिस का कहना है कि इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद बिजनौर पुलिस ने प्रयागराज जिले के फाफामऊ थाना अंतर्गत गद्दोपुर शांतिपुरम निवासी राघवेन्द्र सिंह उर्फ. नितिन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि राघवेन्द्र शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ दिल्ली के विवेक विहार शाहदरा में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## संदिग्ध हालत में प्रिंटिंग प्रेस के असिस्टेंट मशीन मैन की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक प्रिंटिंग प्रेस के असिस्टेंट मशीन मैन की संदिग्ध हालत में इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गोंडा जिले के परसपुर धनौरा गांव निवासी विनीत सिंह (26) सरोजनी नगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक प्राइवेट प्रिंटिंग प्रेस में पत्नी ज्योति के साथ रहकर वहीं पर असिस्टेंट मशीन मैन के पद पर काम करता था। मृतक की बीते 5 दिसंबर को ज्योति से शादी हुई थी। रविवार शाम विनीत की अचानक हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख पत्नी ज्योति ने पास में रहने वाले उसके साथी कर्मचारियों को बताया। इसके बाद कर्मचारी उसे आनन-फानन बंथरा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मृतक के परिजनों का कहना है कि विनीत ने ज्योति से शादी के दौरान अपने प्रिंटिंग प्रेस मालिक कृष्ण चंद बिश्नोई से 30 हजार रुपये एडवांस लिए थे। जिसको लेकर होली के दौरान उसके मालिक कृष्ण चंद बिश्नोई से इन रूपयों को लेकर लड़ाई झगड़ा हुआ था। इसके बाद विनीत अपनी नौकरी छोड़कर नेपाल में नौकरी करने की बात कह रहा था। परिजनों का कहना है कि विनीत की मौत के बाद प्रिंटिंग प्रेस मालिक उसे अस्पताल में देखने तक नहीं गया, बल्कि फोन करने पर धमकी भी दी। परिजनों ने इस मामले में पुलिस से जाँच की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक की पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और मामले की जांच पड़ताल के बाद ही घटना का सही कारण पता चल सकेगा।

## स्वच्छता अभियान व दीप प्रज्वलन कर दी डॉ अम्बेडकर को श्रद्धांजलि

### डॉ अंबेडकर के आदर्शों को जन जन पहुंचना ही प्राथमिकता:- मुकुल

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर जिले में स्वच्छता अभियान एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना रहा। इस अवसर पर डॉ अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत आज हरदोई ग्रामीण मंडल के सैया पुरवा में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क पहुंचकर डॉ अंबेडकर जी की प्रतिमा पर जिला सह कार्यालय मंत्री मुकुल सिंह आशा ने स्वच्छ कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। और साथ ही दीपोत्सव आयोजित किया गया। मुकुल सिंह आशा ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचार आज भी समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति प्रेरित करते हैं। उन्होंने सभी लोगों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करऔर सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की। कार्यक्रम के तहत कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने मिलकर सफाई अभियान चलाया तथा आसपास के स्थानों को स्वच्छ बनाया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में इस कार्यक्रम के संयोजक हरिहर बक्श, ग्रामीण मंडल महामंत्री राजू गौतम, शक्ति केंद्र संयोजक सुभाष चंद्र गुप्ता, बूथ अध्यक्ष राजपाल वर्मा सहित कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## पुलिस कब्जे में है कार, और मालिक फरार?

### एक सप्ताह बाद भी खाली खाकी के हाथ

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। शाहाबाद मंडी के पास दुकानों में हुई भीषण तोड़फोड़ और लूटपाट की वारदात को बीते एक सप्ताह से ज्यादा का वक्त हो चुका है, लेकिन पुलिस की जांच अभी भी 'अंधेरे में तीर' चलाने जैसी बनी हुई है। सवाल यह है कि जब घटना के 4 दिन बाद आरोपियों की लग्जरी कार बरामद हो चुकी है, तो उस कार के मालिक और उसमें सवार 'रईसजादों' तक पहुंचने में पुलिस के पैर क्यों कांप रहे हैं? जबकि घटना में 5 नामजद सहित 50 से 60 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। हालांकि पुलिस एक दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है, लेकिन मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ में आ पा रहे हैं। खाकी पर रसूख का पहरा: वारदात के सात दिन बाद भी आरोपियों का सलाखों के पीछे न होना कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। क्या इन गुंडों को किसी सफेदपोश का 'संरक्षण' प्राप्त है? या फिर इनके 'रसूख' के आगे पुलिस की तफ्तीश ने घुटने टेक दिए हैं? सरेआम दुकानों में घुसकर तोड़फोड़ और लूटपाट। मौके से पुलिस ने एक कीमती लग्जरी कार जब्त की। हफ्ता बीतने के बाद भी गिरफ्तारी के नाम पर 'जीरो'। सीसीटीवी और बरामद कार भी नहीं खोल पा रही राज: हैरानी की बात यह है कि आज के डिजिटल दौर में, जहां पुलिस मामूली चोर को घंटों में दबोच लेती है, वहां लग्जरी कार और सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद अपराधी पुलिस की पहुंच से दूर हैं। व्यापारी वर्ग में भारी आक्रोश है और चचाओं का बाजार गर्म है कि आखिर वो कौन सी 'अदृश्य ताकत' है जो इन आरोपियों को बचा रही है। जब गाड़ी हमारे पास है, तो गाड़ी का मालिक कौन है और उस दिन उसे कौन वि चला रहा था, यह पता लगाना रॉकेट ला साइंस नहीं है। देरी दाल में कुछ काला नि होने का इशारा कर रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस अभी भी क रतलाश जारी हैर और जल्द गिरफ्तारी श होगीर जैसे रटे-रटाए जुमले फेंक रही है। अ लेकिन सवाल वही है अगर कार बरामद म हो गई, तो आरोपी पाताल में तो नहीं समा पन गए अब देखना यह है कि प्रशासन जा व्यापारियों के गुस्से को शांत करने के में लिए कोई ठोस कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी 'फाइल' बनकर दब जाएगा। चर्चा तो यह भी है कि कार के अंदर से कुछ ऐसे 'सुराग' मिले हैं जो शहर के बड़े घरानों की नींद उड़ा सकते हैं। शायद इसीलिए खाकी अभी 'वेट एंड वॉच' की मुद्रा में है!

## मानवता की मिसाल: डॉ. संदीप ने जरूरतमंद बेटी मुस्कान की शादी में निभाई अभिभावक की भूमिका

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की एक भावुक मिसाल उस समय देखने को मिली, जब इसाई टोला, प्रेमनगर की रहने वाली मुस्कान परवीन (पुत्री स्व. मोहम्मद शहजाद एवं माता नसीम) का विवाह दिनांक संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी ने आगे बढ़कर बेटी की शादी में हर संभव सहयोग कर एक अभिभावक की भूमिका निभाई। शादी से पूर्व मुस्कान को कलर्स सैलून में तैयार करवाया गया, जिसकी व्यवस्था भी डॉ. सरावगी द्वारा कराई गई। विवाह के पूर्व संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर एक भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जहां डॉ. संदीप सरावगी ने मुस्कान को फुल साइज ट्रॉली बैग, साड़ी एवं अन्य आवश्यक गृहस्थी का सामान भेंट कर विदाई दी। इस दौरान वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने कहा ह्लहर बेटी को सम्मान और खुशियों के साथ विदा करने का हक है। मुस्कान हमारी बेटी की तरह है, और उसकी जिंदगी की नई शुरूआत में सहयोग करना हमारा कर्तव्य है। समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर ऐसे जरूरतमंद परिवारों की मदद करनी चाहिए, तभी सच्चे मायनों में मानवता जीवित रह सकती है।ह्व इस पुनीत कार्य की क्षेत्र में सराहना हो रही है और लोग डॉ. सरावगी के इस प्रयास को प्रेरणादायक बता रहे हैं। इस अवसर पर संदीप नामदेव, सुशांत गैंडा, अनुज प्रताप सिंह, राजू सेन, बसंत गुप्ता, अंजली विश्वकर्मा, रिया वर्मा, राकेश अहिरवार, धर्मेन्द्र खटीक चाचा, महेंद्र रायकवार, शुभांशु वर्मा, शिवानी कुशवाहा, स्नेहा कुशवाहा, अभय कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## वेतन और सुविधाओं को लेकर अस्थायी कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार, वार्ता के बाद मामला शांत

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद के संडीला थाना क्षेत्र में स्थित (आईपीएल) फैक्ट्री में सोमवार सुबह अस्थायी कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि, ओवरटाइम भुगतान और अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार कर दिया। हालांकि प्रशासनिक हस्तक्षेप और वार्ता के बाद मामला शांत हो गया। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 10 बजे फैक्ट्री एरिया चौकी कताई मिल, थाना संडीला क्षेत्रांतर्गत आईपीएल कंपनी में कार्यरत करीब 50-60 संविदा कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर काम बंद कर दिया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में वेतन वृद्धि, ओवरटाइम का भुगतान, अनुपस्थिति की स्थिति में भी वेतन सुनिश्चित करना तथा स्थायी कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाएं संविदा कर्मियों को भी दिए जाने की मांग शामिल रही। मामले की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी संडीला, प्रभारी निरीक्षक संडीला, सहायक श्रमायुक्त हरदोई एवं नायब तहसीलदार संडीला मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों व कंपनी प्रबंधन से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री में करीब 600 अस्थायी और 390 स्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से प्रथम पाली के लगभग 300 अस्थायी कर्मचारियों में से करीब 250 कर्मचारी कार्य कर रहे थे, जबकि लगभग 50 कर्मचारी ही कार्य बहिष्कार पर थे। कंपनी प्रबंधन ने अधिकारियों को अवगत कराया कि छमाही वेतन वृद्धि एक अप्रैल से लागू कर दी गई है, जिसका भुगतान अप्रैल माह के वेतन के साथ मई में कर दिया जाएगा। इसके बाद श्रमिक निरीक्षक और कंपनी अधिकारियों के साथ वार्ता कर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करा दिया गया। वार्ता के बाद सभी कर्मचारी पुनः अपने-अपने कार्य पर लौट गए और स्थिति सामान्य हो गई।

## ककरबई में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित



अमन लेखनी समाचार

ककरवई (झांसी)। सोमवार को थाना क्षेत्र ककरबई में सार्वजनिक स्थान पर ह्यनारी शक्ति वंदनह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बताया कि यह पहल महिला सशक्तिकरण को समर्पित है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित एवं जागरूक बनाना है। इस अवसर पर कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया। कार्यक्रम में एसआई विजय शंकर मिश्रा, एसआई अंकित पवार, एसआई रणवीर सिंह, मुंशी आशीष यादव, महिला कांस्टेबल प्रीति विश्वकर्मा एवं ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चियां और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर साउथ सिटी में विशाल भोजन दान का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर राजधानी के साउथ सिटी क्षेत्र में भव्य विशाल भोजन दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ह्लमानवता ही सबसे बड़ा धर्म हैह्व के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में समरसता और सेवा भाव को बढ़ावा देना रहा। आयोजन साउथ सिटी सब्जी मंडी, मिलेनियम स्कूल के निकट, लखनऊ में आप और हम के सामूहिक सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बाबा साहब के विचारों और उनके द्वारा दिखाए गए मानवता के मार्ग पर चर्चा की गई। इसके पश्चात विशाल भंडारे के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर जनसेवा का कार्य किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर बाबा साहब के मूल मंत्र ह्लशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोह्व को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। इस दौरान महेंद्र कुमार राम, डॉ. डी. के. सिंह, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. एच.डी. भारती, मनोज कुमार, कवि एम.पी. अस्थाना, के.एम. कौशल, डॉ. आनन्द, सुभाष चन्द्रा (प्रधान निजी सचिव), डॉ. डी. राम, ओम नारायण अहिरवार सहित साउथ सिटी कॉलोनी के अनेक लोग उपस्थित रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# कुणाल ने सिर्फ 20 मिनट में रिकॉर्ड कर दिया था सलमान का ये गाना

**नई दिल्ली।** सिंगर कुणाल गांजावाला ने सलमान खान और करीना कपूर की फिल्म 'क्यों की' के चर्चित गाने 'दिल कह रहा है' से जुड़ा दिलचस्प किस्सा साझा किया है। कुणाल के मुताबिक, कंपोजर हिमेश रेशमिया और उन्होंने मिलकर यह पूरा गाना सिर्फ 20 मिनट में रिकॉर्ड कर लिया था। ऐसा कैसे हुआ? इसे लेकर सिंगर ने मजेदार किस्सा साझा किया है। जब मैंने गाना गाया, तो मुझे एसएमएस से लिरिक्स मिले। हम स्टूडियो में थे और मुझे हिमेश भाई (हिमेश रेशमिया) का फोन आया। उनके पापा उस समय सब कुछ देख रहे थे, क्योंकि हिमेश खुद दूसरी सिटिंग में बिजी थे'। कुणाल गांजावाला ने आगे कहा कि हिमेश ने उन्हें कॉल पर बताया था कि 'हमें 'हम दम सुनियो रे' जैसी ही रोमांटिक और यूथफुल वाइब चाहिए, क्योंकि यह गाना सलमान भाई के लिए है'।



लाइफ Style

# जनाई
## बिखेर रहीं सुरीली आवाज का जादू

प्रख्यात गायिका आशा भोसले नहीं रहीं। गायिका की पोती जनाई भोसले ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की थी कि उनकी दादी को थकान और सीने में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया। जनाई के इस पोस्ट के बाद एक बार फिर लोगों के बीच यह चर्चा है कि आशा भोसले की पोती जनाई आखिर कौन हैं?

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जनाई भोसले, आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले की बेटी हैं। जनाई का जन्म ऐसे परिवार में हुआ, जहां गीत-संगीत रगों में दौड़ता है, लिहाजा जनाई के पास भी यह हुनर है। दादी के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने भी संगीत की दुनिया में आगे बढ़ने का फैसला लिया है। बीते साल उनका गाना 'केहंदी है' काफी हिट रहा था। खुद दादी आशा भोसले ने पोती की तारीफ कर हौसला बढ़ाया था। बॉलीवुड के दबंग सलमान खान ने भी जनाई की तारीफ की थी। जनाई ने अपनी सिंगिंग कॅरियर की शुरुआत तो कर ही दी है। अब वे एक्टिंग की दुनिया में भी कदम रखने वाली हैं। वे 'द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज' से फिल्म डेब्यू करेंगी। इस फिल्म के निर्देशन संदीप सिंह कर रहे हैं। जनाई की सोशल मीडिया पर भी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। उन्हें इंस्टाग्राम पर साढ़े तीन लाख से अधिक लोग फॉलो करते हैं। बीते साल दादी आशा भोसले के जन्मदिन पर जनाई ने स्पेशल पोस्ट साझा कर शुभकामनाएं दी थीं। उन्होंने अपनी दादी के साथ तस्वीरें शेयर कर लिखा था, 'मेरी छोटी सी आशा को जन्मदिन मुबारक'। उनके इस मैसेस से साफ है कि जनाई के लिए दादी उम्मीद और आशा की किरण थीं।

हॉलीवुड मसाला



# डंकर्क में बेहतरीन अदाकारी के लिए जाने जाते थे

**लॉस एंजिल्स।** जॉन नोलन का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'बैटमैन बिगिंस' और 'डंकर्क' में बेहतरीन अदाकारी के लिए जाने जाते थे। वे फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन और जोनाथन नोलन के चाचा भी थे। उन्होंने कहानी कहने और अभिनय की उनकी शुरुआती समझ को आकार देने में अहम भूमिका निभाई थी। जॉन नोलन अक्सर अपने भतीजों के प्रोजेक्ट्स में नजर आते थे। इस तरह वे उनकी फिल्मी दुनिया का हिस्सा बन गए थे। उन्हें फिल्मों 'बैटमैन बिगिन्स' और 'द डार्क नाइट राइजेज' में डगलस फ्रेडरिक्स के किरदार में देखा गया था। इसके अलावा वे 'फॉलोइंग' और 'डनकर्क' में भी नजर आए थे। टेलीविजन पर, 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' में जॉन ग्रीर के उनके रोल ने एक गहरी छाप छोड़ी। उनका कैरेक्टर शो की कहानी का एक अहम हिस्सा बन गया।



# हॉलीवुड में भारतीय मूल की एक्ट्रेस पर कसा तंज

**लॉस एंजिल्स।** एक तरफ भारतीय दर्शक मैत्रेयी रामकृष्णन को हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में देखकर खुश होते हैं, उनकी उपलब्धियों को सराहते हैं, वहीं कुछ लोग ट्रोल करने से बाज नहीं आते हैं। हाल ही में एक ट्रोल ने एक्ट्रेस मैत्रेयी रामकृष्णन और कई दूसरी भारतीय मूल की हॉलीवुड एक्ट्रेसेस पर तंज कसा। इन एक्ट्रेसेस के चेहरों की तुलना कामवाली बाई से कर दी। कई लोगों ने ट्रोल करने वाले को खरी-खोटी सुनाई तो एक्ट्रेस मैत्रेयी रामकृष्णन ने भी करारा जवाब दिया है। मैत्रेयी रामकृष्णन ने लिखा, 'और जोर से रो लो। लगातार चार-चार खूबसूरत लड़कियों को देखना वाकई मुश्किल होगा।' मैत्रेयी के इस जवाब को कई सोशल मीडिया यूजर्स ने भी सपोर्ट किया। उनकी बेबाकी को सराहा है। मैत्रेयी रामकृष्णन को दर्शकों ने एक सीरीज नेवर हेव आई एवर में देखा था। इस सीरीज में उनका लीड रोल था, उनके किरदार का नाम देवी था। इस किरदार को निभाकर मैत्रेयी को काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। आगे भी उनके पास कई प्रोजेक्ट्स मौजूद हैं। मैत्रेयी रामकृष्णन और सुप्रिया गणेश के अलावा कई भारतीय मूल की हॉलीवुड एक्ट्रेस को लेकर एक ट्रोल करने वाले व्यक्ति ने ट्विटर पर कमेंट किया और उनकी तस्वीरों पर लिखा, 'कामवाली बाई (नौकरानी) जैसी दिखने वाली।'



# 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े अभिनीत फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' अपनी निर्धारित रिलीज डेट से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यूं तो इसकी रिलीज डेट में बदलाव की चर्चा पिछले काफी दिनों से चल रही थी। अब मेकर्स ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। दर्शकों को फिल्म के लिए इंतजार नहीं करना होगा। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' पहले जून में रिलीज होने वाली थी। 12 जून इसकी रिलीज डेट थी। मगर, अब यह अगले महीने यानी मई में रिलीज होगी। मेकर्स की तरफ से आज रविवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया गया है। इसके साथ लिखा है, 'प्यार, उलझन, दीवानगी। अब शुरू होता है हंगामा। है जवानी, तो? यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की नई रिलीज डेट के साथ ही इसके फर्स्ट लुक को लेकर भी जानकारी दी गई है।



# करण ने पोस्टपोन किया चांद मेरा दिल सॉन्ग का रिलीज

**मुंबई।** करण जौहर की आगामी फिल्म 'चांद मेदा दिल' का नया गाना 13 अप्रैल को रिलीज होने वाला था। आशा भोसले के सम्मान में करण जौहर ने इस फिल्म के गाने को आगे रिलीज करने का फैसला किया है। इस फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस टाइटल ट्रैक को 13 अप्रैल को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब इसे एक दिन टाल दिया गया है। नई रिलीज डेट अब 14 अप्रैल है। रविवार को प्रोडक्शन हाउस ने आधिकारिक बयान जारी करके यह फैसला बताया। इस फिल्म में लक्ष्य और अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल' 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। करण जौहर ने सुबह इंस्टाग्राम पर आशा भोसले के लिए भावुक संदेश लिखा। उन्होंने लिखा, 'आज हमने एक महान हस्ती को खो दिया।

टीवी मसाला



# नलिन ने कुंभकर्ण के किरदार में दर्शकों को रुला दिया था

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर के टीवी सीरियल 'रामायण' में कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने दिए किरदारों में जान फूंक दी और खुद भी उन्हीं नामों से पहचाने जाने लगे। पर अफसोस इस बात का है कि उन कलाकारों में से कुछ ही आगे चलकर काम पा सके और बहुत से टाइपकास्ट हो गए। वहीं, कुछ ऐसे कलाकार भी रहे, जो सफलता मिलते ही इस दुनिया से चल बसे। ऐसे ही एक कलाकार रहे नलिन दवे, जिन्होंने रामानंद सागर की 'रामायण' में कुंभकर्ण का किरदार निभाया था। उन्होंने इस किरदार को इतनी शिद्दत से निभाया कि जब लॉकडाउन में 'रामायण' को री-टेलिकास्ट किया गया था, तो कुंभकर्ण का वध देख दर्शक रो पड़े थे। उसकी कही कई बातें लोगों को दिलों को छू गई थीं। यह नलिन दवे की एक्टिंग और रामानंद सागर की परख का ही नतीजा था कि वैसा कुंभकर्ण फिर कोई और नहीं बन सका। नलिन दवे आज इस दुनिया में नहीं। उनकी 50 साल की उम्र में मौत हो गई थी। यहां आपको नलिन दवे के बारे में बता रहे हैं। साथ ही जानिए कि रामानंद सागर ने उनके किरदार कुंभकर्ण का वध वाला सीन किस जुगाड़ से शूट किया था। 'रामायण' में कुंभकर्ण का किरदार नलिन दवे ने निभाया था, जो गुजराती सिनेमा के एक्टर थे। थिएटर की दुनिया में भी उनका काफी दबदबा था। उन्होंने **Bhadar Tara Vehata Paani**, 'सती नाग कन्या' और 'हमारी जंग' जैसी कई फिल्मों में काम किया।

## रणवीर ने समय पर कसा तंज, दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** समय रैना हाल ही अपना कॉमेडी स्पेशल 'स्टिल अलाइव' लेकर आए, जिसमें उन्होंने अपने शो इंडियाज गॉट लेटेंट के विवाद, अश्लील जोक्स और एफआईआर पर बात की थी। उन्होंने यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया द्वारा उनके शो में पैरेंट्स पर किए गए आपत्तिजनक जोक पर भी रिएक्ट किया था, और एक तरह से सारा ठीकरा उन्हीं के सिर मढ़ दिया। समय रैना ने यहां तक कहा कि रणवीर अल्लाहबादिया ने वो सवाल 80 बार उनके शो में पूछा था। उन्होंने सारा एडिट कर दिया था, बस एक ही सवाल रखा था शो में और उसी पर बवाल मच गया। समय रैना ने रणवीर अल्लाहबादिया पर 'स्टिल अलाइव' में खूब तंज कसा था। अब रणवीर ने उन्हें जवाब दिया है। एक वीडियो में रणवीर अल्लाहबादिया ने समय रैना का नाम लिए बिना रिएक्ट किया। उन्होंने 'स्टिल अलाइव' में समय रैना के किए कमेंट्स पर कहा, 'तारीफें तो सुनाई दे रही हैं। तारीफ हम तक पहुंच जाती हैं। जितनी ज्यादा पॉजिटिविटी आप अंदर रखोगे, उतने ज्यादा आप अट्रैक्ट करते हो। मैं बहुत मजाकिया भी हूं। अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर। स्माइल करते रहना चाहिए।' तारीफें तो सुनाई दे रही हैं।



# थलपति की जन नायकन लीक होने पर भड़के कमल

**मुंबई।** थलपति विजय काफी समय से अपनी फिल्म 'जन नायकन' को रिलीज करवाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, पर यह तीन महीनों से सेंसर विवाद में अटकी है। इस बीच एक्टर की यह फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई, जिससे मेकर्स को तगड़ा झटका लगा है। 'जन नायकन' के प्रोडक्शन हाउस केवीएन ने हाल ही एक पोस्ट में फिल्म के लीक होने की पुष्टि की थी। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने गैरकानूनी तरीके से 'जन नायकन' के वीडियो क्लिप्स से लेकर सीन तक कॉपी कर लिए और इंटरनेट पर लीक कर दिए। कुछ मामलों में तो पूरी की पूरी फिल्म कॉपी करके इंटरनेट पर फैला दी गई है। यह देख अब साउथ सिनेमा के कई स्टार्स ने पाइरेसी के खिलाफ आवाज उठाई है और कड़े शब्दों में निंदा की है।



### लीक होना कोई संयोग नहीं

कमल हासन और रजनीकांत से लेकर सूर्या, ऋषभ शेट्टी, विजय देवरकोंडा, पूजा हेगड़े और यहां तक कि सोनू सूद ने भी इस पर रिएक्ट किया और थलपति विजय की 'जन नायकन' के ऑनलाइन लीक होने पर चिंता जताई। कमल हासन ने लिखा, जन नायकन' का लीक होना कोई संयोग नहीं है। यह व्यवस्थागत विफलता का परिणाम है। यदि उचित प्रक्रिया समय पर पूरी हो जाती, तो हम इस स्थिति में नहीं होते। सर्टिफिकेशन में हद से ज्यादा देरी ने पाइरेसी के लिए जमीन तैयार कर दी। जब कानूनी पहुंच बाधित होती है, तो गैरकानूनी माध्यम हावी हो जाते हैं। पाइरेसी राजनीति से परे है। यह कला और कलाकार पर ही हमला है। यह सैकड़ों कलाकारों और तकनीशियनों के काम को खतरे में डालता है।

# नोरा का मां-बाप के तलाक पर छलका दर्द कहा- पिता को छोड़ने में 14 साल लग गए



**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही ने हाल ही में एक बातचीत में अपने निजी जीवन के बारे में खुलकर बात की, जिसमें उन्होंने सिंगल मां के साथ बड़े होने, अपने पिता से जुड़ी समस्याओं से निपटने और इसका उनके रिश्तों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया। जब उनसे पूछा गया कि क्या सिंगल मदर के पाले जाने का असर पुरुषों के साथ उनके संबंधों पर पड़ा है, तो नोरा ने बेझिझक जवाब दिया। उन्होंने लिली सिंह से कहा, 'कई परिवारों की तरह, उन्हें हमें समझाना मुश्किल होता है... हम एक अलग पीढ़ी हैं। हमारे लक्ष्य अलग हैं, हम चीजों को अलग तरीके से करना चाहते हैं, हमारी मानसिकता अलग है।' अपने माता-पिता के अलगाव के बारे में बात करते हुए नोरा ने बताया, 'उनका तलाक हो गया और वो काफी लंबे समय तक गायब ही रहे। जब आप ऐसा देखते हैं और बड़े होते जाते हैं, तो आप पुरुषों और उनके महिलाओं के प्रति व्यवहार से नाराज होने लगते हैं।' हालांकि उन्होंने कई अच्छे मर्दों से मिलने की बात भी कही, लेकिन उन्होंने कहा कि इसका गहरा प्रभाव बना रहा। उन्होंने कहा, 'जब आपको पिता से जुड़ी समस्याएं होती हैं, तो वे परित्याग की भावना में बदल जाती हैं। अगर कोई आपके साथ रहना नहीं चाहता... तो यह आपके लिए बहुत मुश्किल होता है। आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या तलाक को लेकर कोई शर्मिंदगी है, तो नोरा ने कहा, 'हां... असल में, अब ऐसा नहीं है। अब तो हर कोई तलाक ले रहा है। मेरी मां को मेरे पिता को छोड़ने में 14 साल लग गए। चौदह साल। चार नहीं, पांच नहीं—चौदह। मेरी दादी, मेरी मौसियां—सब उनसे कहती रहती थीं, 'बस सब्र रखो।' आप जानते हैं वो मानसिकता-'लोग क्या कहेंगे?'

## कभी क्लर्क की भी करनी पड़ी थी नौकरी, कई गीतों को बनाया अमर

# गीतकार जो बन गया था एक्टर, मनोज संग हिट फिल्म में किया काम

गुलशन बावरा की जिंदगी जितनी कामयाब रही, उतनी ही संघर्षों से भरी भी थी। बेहद कम लोग जानते हैं कि उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में पहला मौका एक खास शर्त पर मिला था, जिसमें साफ कहा गया था कि वो कभी एक्टिंग नहीं करेंगे। चांदी की दीवार न तोड़ी और यारी है ईमान मेरा जैसे सुपरहिट गाने आज भी लोगों की जुबान पर हैं। इन गानों को लिखने वाले मशहूर गीतकार गुलशन बावरा की जिंदगी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं रही।



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बहुत कम लोग जानते हैं कि इंडस्ट्री में उनका पहला ब्रेक एक शर्त के साथ मिला था, और वो शर्त थी कि वो कभी एक्टिंग नहीं करेंगे। गुलशन बावरा का असली नाम गुलशन मेहता था। उनका जन्म पाकिस्तान के शेखुपुरा में हुआ था। बंटवारे के दौरान उन्होंने अपने माता-पिता को अपनी आंखों के सामने खो दिया। इसके बाद वो दिल्ली आ गए और वहीं से नई जिंदगी शुरू की।

### गीतकार के तौर पर मिला काम

दिल्ली में उन्होंने रेलवे में क्लर्क की नौकरी की, लेकिन उनका मन वहां नहीं लगा। बचपन से ही उन्हें कविता और गीत लिखने का शौक था। यही वजह रही कि उन्होंने नौकरी छोड़कर मुंबई का रुख किया। जब वो फिल्म इंडस्ट्री में नए-नए आए थे, तब उनकी मुलाकात निर्माता-निर्देशक रविंद्र दुबे से हुई। उन्होंने गुलशन को फिल्मों में गाने लिखने का मौका दिया, लेकिन साथ में साफ कह दिया कि वो उनकी फिल्मों में एक्टिंग नहीं करेंगे।

### डिस्ट्रीब्यूटर ने दिया था नाम

गुलशन बावरा ने इस शर्त को तुरंत मान लिया, क्योंकि उनका सपना एक्टर बनना नहीं बल्कि गीतकार बनना था। उन्हें फिल्मों चंद्रसेना और सट्टा बाजार के लिए गाने लिखने का मौका मिला और यहीं से उनके कॅरियर की शुरुआत हुई. फिल्म सट्टा बाजार के दौरान उनके अलग अंदाज और रंग-बिरंगे कपड़ों को देखकर एक डिस्ट्रीब्यूटर ने उन्हें बावरा नाम दे दिया। इसके बाद वो इसी नाम से मशहूर हो गए। बता दें कि गुलशन बावरा ने शुरुआत में एक्टिंग न करने की शर्त मानी थी, लेकिन बाद में उन्होंने कई फिल्मों में छोटे-छोटे रोल भी किए। इनमें उपकार, जाने-अनजाने, बेईमान, बीवी हो तो ऐसी, आप के दीवाने और अगर तुम न होते जैसी फिल्में शामिल है।